Weather Report
अधिकतम तापमान: 32.0c
न्यूनतम तापमान: 21.0c
हवा गति: 11 कि./घं.
जयपुर सूर्योदय समय
सुबह: 6.06

दैनिक
# संजीवनी टुडे
sanjeevnitoday.com
समय के साथ बढ़ता अखबार

वर्ष: 10 अंक: 308 | जयपुर, गुरूवार, 11 अप्रेल 2024 | पृष्ठ:8 मूल्य: ` 1.50

अब होगी खुशियों की बात संजीवनी टुडे के साथ
जन्मदिवस, वैवाहिक वर्षगांठ एवं नियुक्ति बधाई संदेश
मात्र 1100/- में
साईज 8X8 cm
संजीवनी टुडे

### फर्जी डिग्री जारी करने वाले 2 दलाल और पीटीआई गिरफ्तार

## एसओजी का ओपीजेएस यूनिवर्सिटी कैंपस में सर्च, फर्जी डिग्री सहित रिकॉर्ड किए जब्त

■ संजीवनी टुडे

जयपुर। एसओजी ने फर्जी डिग्री जारी करने वाले 2 दलालों और 1 पीटीआई को गिरफ्तार किया है। एसओजी की 5 टीमों ने बुधवार को चूरू जिले के राजगढ़ में स्थित ओपीजेएस यूनिवर्सिटी में सर्च की कार्रवाई की। इस दौरान एसओजी को वहां से फर्जी डिग्री और खेल प्रमाण पत्र मिले। एसओजी ने इन दस्तावेजों के साथ ही यूनिवर्सिटी के रिकॉर्ड को जब्त किया है और जयपुर मुख्यालय लेकर आई है। एडीजी एसओजी वीके सिंह ने बताया कि कुछ दिनों पहले उनको सूचना मिली कि सुभाष पूनिया (52) पुत्र गुरुदयाल निवासी बेरासर घुमाना थाना राजगढ़ (चूरू), उसका बेटा परमजीत हाल पीटीआई राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गुर्जा पंचायत समिति बसेड़ी (धौलपुर) अपने साथियों के साथ मिलकर कई यूनिवर्सिटी की फर्जी डिग्री, फर्जी खेल प्रमाण पत्र, फर्जी मेडल और बैक डेट में एडमिशन दिलाने का काम संगठित गिरोह के रूप में करता है। वीके सिंह ने बताया- सूचना पर एसओजी ने शिकायत दर्ज की और जांच एडिशनल एसपी सतनाम सिंह को दी। जांच में सामने आया कि आरोपी सुभाष पूनिया कई यूनिवर्सिटी के दलाल के रूप में काम करता है। वह विशेष रूप से चूरू जिले के राजगढ़ स्थित ओपीजेएस यूनिवर्सिटी में दलाली करता है।



### एसओजी ने डिकॉय ऑपरेशन कर पकड़े बदमाश

एडीजी एसओजी वीके सिंह ने बताया- इस मामले की जांच एडिशनल एसपी एसओजी धर्माराम गिल्ला को दी गई। इन बदमाशों को पकड़ने के लिए एसओजी ने डिकॉय ऑपरेशन की योजना बनाई गई। योजना के तहत एक व्यक्ति को लाइब्रेरियन की डिग्री बैक डेट में दिलाने की बात करने के लिए आरोपी सुभाष पूनिया के पास भेजा। यह सौदा 50 हजार में तय हुआ और सुभाष के कहने पर 20 हजार एडवांस के रूप में उसके बेटे परमजीत के खाते में डाले गए। पैसे डालने के कुछ दिनों के बाद आरोपी सुभाष ने लाइब्रेरियन की फर्जी डिग्री वॉट्सऐप पर भेज दी। 9 अप्रैल को आरोपी सुभाष ने मूल डिग्री ओपीजेएस यूनिवर्सिटी के पास राजगढ़ में देना तय किया। इस पर एडिशनल एसपी धर्माराम गिल्ला भी उस व्यक्ति के साथ गए। मुलाकात के दौरान आरोपी सुभाष ने बताया कि संबंधित डिग्री सरदार शहर में प्रदीप कुमार शर्मा पुत्र अमरचंद शर्मा निवासी वार्ड नं. 25, पुगलसर बास सरदारशहर (चूरू) के पास है। आरोपी ने बाकी के पैसों की मांग की, इस पर एसओजी ने सुभाष को मौके से ही डिटेन कर लिया। इसके बाद टीम ने सुभाष के घर पर सर्च किया। इस दौरान दूसरी टीम सरदारशहर पहुंची और प्रदीप शर्मा को फर्जी डिग्री के साथ डिटेन किया।

### सुभाष फर्जी डिग्री करवाता है प्रिंट

एसओजी को जांच में यह भी पता चला है कि सुभाष पूनिया राजगढ़ में बस स्टैंड के पास स्थित शेखावटी प्रिंटर्स नामक दुकान से फर्जी डिग्रियां प्रिंट करवाता है। इसकी जांच के लिए चौथी टीम सुनील कुमार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतनगढ़ चौकी एसओजी के निर्देशन में गठित की गई। चौथी टीम ने शेखावटी प्रिंटर्स के संचालक राकेश( 40) पुत्र काशीराम शर्मा निवासी वार्ड नं. 27 राजगढ़ (चूरू) से पूछताछ की गई और दुकान में मौजूद लैपटॉप और कम्प्यूटर को जब्त किया गया। ओपीजेएस यूनिवर्सिटी के मैनेजमेंट से मिलीभगत कर बैक डेट में फर्जी डिग्री, मेडल और प्रमाण पत्र जारी करवाता है। साथ ही फर्जी डिग्री और प्रमाण पत्र का सत्यापन शिक्षा विभाग में कार्यरत कुछ स्टाफ और यूनिवर्सिटी के मैनेजमेंट से मिलीभगत कर करवाता है। इस पर एसओजी ने एफआईआर दर्ज की। तीसरी टीम धौलपुर एसपी सुमित मेहरड़ा के निर्देशन में एसआई ईश्वर प्रसाद थाना बसेड़ी के नेतृत्व में गठित की गई, जिसने परमजीत पुत्र सुभाष पूनिया हाल पीटीआई राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गुर्जा पंचायत समिति बसेड़ी (धौलपुर) को उसके घर से कुछ दस्तावेजों के साथ डिटेन किया और एसओजी टीम को सौंप दिया। जांच में सामने आया है कि इन लोगों ने पीटीआई की योग्यता के लिए ओपीजेएस यूनिवर्सिटी से न केवल फर्जी बीपीएड की डिग्री प्राप्त की, बल्कि परीक्षा में डमी कैडीडेंट भी बैठाया। इसकी एसओजी अलग से जांच कर रही है।

### कांग्रेस प्रत्याशी उचियारड़ा बोले- चांद तक सोने की सीढ़ियां बनाऊंगा

## अच्छी स्कीम लाया हूं, उसके लिए 30 साल तक मुझे वोट देना होगा

■ संजीवनी टुडे

जोधपुर। जोधपुर से कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी करण सिंह उचियारड़ा ने भाजपा के 2047 का देश बनाने के बयान पर तंज कसा। उचियारड़ा ने कहा- मेरे पास भी एक अच्छी स्कीम है, मैं यहां से लेकर चांद तक सोने की सीढ़ी बनवाउंगा। जिससे सबको अपने-अपने भगवान मिल जाएंगे। उचियारड़ा ने कहा- भाजपा ने 2014 और 2019 के वादे तक पूरे नहीं किए। अब 2024 में कह रहे हैं कि 2047 का देश बनाएंगे तो 2047 में गज्जू बन्ना आप भी 80 साल के हो जाओगे और मैं भी, मोदीजी 100 साल के हो जाएंगे। उस वक्त अपने से कौन पूछेगा। ये वीडियो मंगलवार शाम का है। करण सिंह उचियारड़ा ने कहा- आप (गजेंद्र सिंह शेखावत) ने यह ठान लिया है कि वोट इन्हीं के आधार पर देना है। तो मेरे पास बहुत अच्छी स्कीम है। हिंदू के लिए भी और मुस्लिम के लिए भी। मैं यहां से लेकर चांद तक सोने की सीढ़ी बनवाउंगा। चांद पर जाकर ऐसा काम करूंगा कि आप सभी को भगवान श्रीराम मिलेंगे। मुस्लिम को अल्लाह मिल जाएंगे। सबको अपने-अपने भगवान मिल जाएंगे और वहां से वापस आने की सीढ़ी भी बनवाउंगा।



### बोले- इसके लिए मुझे 30 साल तक वोट देना होगा

उचियारड़ा ने कहा- इसके लिए 30 साल का समय लगेगा तो तब तक तो मुझे वोट देने होंगे। 30 साल बाद मैं 80 साल का हो जाउंगा। फिर मैं वोट लेने आउंगा नहीं, तो या तो मेरी विकास वाली स्कीम पर भरोसा कर लो या सोने की सीढ़ी पर भरोसा कर लो। आप समझो बात को यह लोग आपको मूर्ख बनाकर आपके वोट ले गए और देश को खतरे में डाल दिया है। उचियारड़ा ने सभा में भाजपा सरकार व उनके नेताओं पर झूठ बोलकर व धर्म के नाम पर वोट मांगने और लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाया।

### राजेन्द्र गुढ़ा बोले-गहलोत का कर्जा उतारने जालोर में करूंगा प्रचारः कहा

## शिवसेना सभी सीटों पर बीजेपी प्रत्याशी को देगी समर्थन, लाल डायरी की पिक्चर अभी बाकी

■ संजीवनी टुडे

जयपुर। गहलोत सरकार में मंत्री रहे राजेन्द्र गुढ़ा अब गहलोत के बेटे और जालोर से कांग्रेस प्रत्याशी वैभव गहलोत के खिलाफ प्रचार करेंगे। गुढ़ा ने जयपुर में शिव सेना के स्टेट कॉर्डिनेटर के तौर पर मीडिया को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर बीजेपी और शिवसेना (शिंदे गुट) का गठबंधन है। ऐसे में प्रदेश की 25 लोकसभा सीटों पर राजस्थान में भी शिवसेना बीजेपी प्रत्याशी को समर्थन करेगी। जहां जैसी जरूरत होगी, शिवसेना के नेता और कार्यकर्ता बीजेपी प्रत्याशी के समर्थन में प्रचार करेंगे। उन्होंने कहा कि मुझे सीएम भजनलाल शर्मा ने विशेष तौर पर जालोर-सिरोही सीट की जिम्मेदारी दी है। यह वही सीट है जहां से पूर्व सीएम अशोक गहलोत के बेटे वैभव गहलोत चुनाव लड़ रहे हैं। ऐसे में विधानसभा चुनाव का कर्ज चुकाने के लिए अब मैं पूरी ताकत के साथ जालोर-सिरोही में प्रचार करूंगा। राजेंद्र गुढ़ा ने पूर्व सीएम अशोक गहलोत पर आरोप लगाते हुए कहा कि गहलोत हमेशा केन्द्र सरकार पर ईडी, सीबीआई और इनकम टैक्स के दुरुपयोग की बात कहते हैं, लेकिन जब राजस्थान में कांग्रेस की सरकार थी, तो उस समय उन्होंने किस तरह से एसीबी, एसओजी सहित अन्य जांच एजेंसियों का दुरुपयोग किया वो किसी से छिपा नहीं है। गुढ़ा ने कहा कि



राजस्थान में जब महिलाओं पर अत्याचार बढ़ रहे थे और कांग्रेस मणिपुर की घटना को लेकर बात कर रही थी। तब मैंने विधानसभा में राजस्थान में महिला सुरक्षा का मुद्दा उठाया था तो मुझे मंत्री पद से हटा दिया गया। इतना ही नहीं मेरे खिलाफ करीब आधा दर्जन झूठे मुकदमे दर्ज किए गए। पुलिस का किस तरह से दुरुपयोग किया जाता है वह अशोक गहलोत सरकार में सबने देखा है। गुढ़ा ने कहा कि जिन मामलों में मेरी कोई भूमिका नहीं थी उन में भी मुझे जबरन फंसाने की कोशिश की गई। उन्होंने कहा कि जब राष्ट्रीय स्तर पर बीजेपी और शिवसेना के बीच गठबंधन है तो प्रदेश में भी शिवसेना सभी 25 सीटों पर बीजेपी प्रत्याशी का समर्थन करेगी। विधानसभा चुनावों से पहले 24 जुलाई 2023 को अपनी बर्खास्तगी के बाद राजेन्द्र गुढ़ा सदन में लाल डायरी लेकर पहुंचे थे। वे सदन में डायरी को टेबल करना चाहते थे, लेकिन विधानसभा अध्यक्ष सीपी जोशी ने इसकी इजाजत नहीं दी।

### पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का कर्ज चुकाना है

पूर्व मंत्री राजेन्द्र गुढ़ा ने कहा कि विधानसभा चुनावों में मुझे हराने के लिए अशोक गहलोत ने उदयपुरवाटी को गोद ले लिया था। उन्होंने मेरे खिलाफ प्रचार किया था। अब उस कर्ज को चुकाने का वक्त आ गया है। उन्होंने कहा कि अब मैं गहलोत के बेटे वैभव गहलोत के खिलाफ जालोर-सिरोही में जाकर प्रचार करूंगा। वहीं नागौर सहित अन्य जिस भी सीट पर हमें प्रचार के लिए कहा जाएगा तो वहां हम बीजेपी के समर्थन में प्रचार करेंगे। गौरतलब है कि उदयपुरवाटी सीट पर विधानसभा चुनावों में कांग्रेस के भगवान राम सैनी ने जीत दर्ज की थी। बीजेपी प्रत्याशी शुभकरण चौधरी दूसरे और शिवसेना प्रत्याशी राजेन्द्र गुढ़ा तीसरे नम्बर पर रहे थे। अब बीजेपी ने झुंझुनूं लोकसभा सीट से शुभकरण चौधरी को प्रत्याशी बनाया है। ऐसे में जब राजेन्द्र गुढ़ा से शुभकरण चौधरी के समर्थन में प्रचार करने का सवाल किया गया तो वे इसका जवाब देने से बचते नजर आए।

### दिल्ली के मंत्री राजकुमार आनंद का इस्तीफा

## आप भी छोड़ी, कहा- मुझे कहीं से ऑफर नहीं, पिछले साल ईडी की रेड पड़ी थी

■ संजीवनी टुडे

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार में समाज कल्याण मंत्री राजकुमार आनंद ने बुधवार को मंत्री पद और आम आदमी पार्टी से इस्तीफा दे दिया। इस्तीफा देने के बाद उन्होंने कहा, 'मुझे कहीं से भी ऑफर नहीं मिला हैं।' उन्होंने कहा, 'मैं आज बहुत व्यथित हूं। राजनीति बदलेगी तो देश बदलेगा। आम आदमी पार्टी का जन्म भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन से हुआ था। आज ये पार्टी खुद भ्रष्टाचार के दलदल में फंस चुकी है। उन्होंने कहा, 'मेरे लिए मंत्री पद पर रहकर इस सरकार में काम करना असहज हो गया है। इसलिए मैं मंत्री पद और पार्टी से इस्तीफा दे रहा हूं, क्योंकि मैं इन भ्रष्ट आचरणों में अपना नाम नहीं जुड़वाना चाहता हूं।' शराब नीति केस में दिल्ली सरकार के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया तिहाड़ में बंद हैं। पार्टी नेता संजय सिंह 6 महीने बाद 4 अप्रैल को जमानत पर रिहा हुए हैं। पिछले साल नवंबर में क्कने राजकुमार आनंद के घर पर कस्टम केस में 23 घंटे तक छापा मारा था। उस दौरान राजकुमार ने कहा था, 'ये हमें तंग करने के लिए आए थे। पूरे घर की तलाशी ली, जिसमें उन्हें कुछ नहीं मिला। आनंद ने कहा था, 'इस देश में सच बोलना, दलितों की राजनीति करना, काम की राजनीति करना गुनाह बन गया है।



### आप में दलित विधायकों या पार्षदों का कोई सम्मान नहीं

राजकुमार ने कहा कि आप में दलित विधायकों या पार्षदों का कोई सम्मान नहीं होता है। दलितों को प्रमुख पदों पर जगह नहीं दी जाती है। मैं बाबा साहब अंबेडकर के सिद्धांत पर चलने वाला व्यक्ति हूं। अगर दलितों के लिए ही काम नहीं कर पाया तो फिर पार्टी में रहने का कोई मतलब नहीं है। राजकुमार आनंद साल 2020 में पहली बार पटेल नगर सीट से विधायक बने थे। इससे पहले उनकी पत्नी वीना आनंद भी इसी विधानसभा क्षेत्र से विधायक रह चुकी हैं। वह जाटव समुदाय से आते हैं। राजकुमार आनंद को 2022 में राजेंद्र पाल गौतम के इस्तीफ़े के बाद केजरीवाल सरकार में मंत्री बनाया गया था। समाज कल्याण विभाग संभाल रहे राजेंद्र ने कथित तौर पर धार्मिक भावनाएं भड़काने के आरोपों के बीच अपने पद से इस्तीफा दिया था। ईडी जो कस्टम का मामला बता रही है, वो 20 साल पुराना है और उसमें सुप्रीम कोर्ट तक का फैसला आ चुका है। अरविंद केजरीवाल ने इस साल 27 जनवरी को भाजपा पर दिल्ली की आप सरकार को गिराने की कोशिश करने का आरोप लगाया था। केजरीवाल ने सोशल मीडिया पर कहा था कि भाजपा के एक नेता ने दिल्ली के 7 विधायकों से कहा है कि कुछ दिन बाद केजरीवाल को गिरफ्तार कर लेंगे। उसके बाद विधायकों को तोड़ेंगे।

## बीजेपी वालों के गले में मछली का कांटा अटक गया: तेजस्वी

■ संजीवनी टुडे

पटना। बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने मंगलवार को अपने सोशल मीडिया हैंडल ङ्ग पर एक वीडियो शेयर किया है। जिसमें वो हेलिकॉप्टर में ठ्रक्क प्रमुख मुकेश सहनी के साथ में लंच में चेचरा मछली और रोटी खाते दिख रहे हैं। इसपर बीजेपी नेताओं ने तंज कसा है। डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि कुछ लोग सनातन के संतान बनते हैं तो उन्हें सनातन का संस्कार भी अपनाना चाहिए, लेकिन वे अपना नहीं पाते हैं। उन्होंने कहा कि खान पान पर मुझे आपत्ति नहीं है, लेकिन पवित्र माह सावन में मटन बनाना, खाना और खिलाना। नवरात्र के मौके पर आप मछली खाते वीडियो को शेयर कर क्या दिखलाना चाहते हैं? अब बीजेपी के तंज पर तेजस्वी यादव और वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी ने प्रतिक्रिया दी है। पटना एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत करते मुकेश सहनी ने कहा कि बीजेपी वालों के गले में मछली का कांटा अटक गया है। इसके बाद तेजस्वी ने पूछा- इसे निकालेगा कौन? जिसपर मुकेश सहनी ने कहा कि अब ये निकलने वाला नहीं है। इसके बाद तेजस्व ने व्यंग्य करते हुए कहा कि खाली कांटे नहीं अटका है, मिर्ची भी लगी है। वहीं, पवन सिंह के निर्दलीय चुनाव लड़ने पर तेजस्वी यादव ने कहा लोकतंत्र है। जिसको जहां से लड़ना है..लड़े। यही तो लोकतंत्र की खुबसूरती है। जबकि सीवान सीट को लेकर उन्होंने कुछ नहीं कहा। वहीं, अमित शाह की रैली पर भी तेजस्वी यादव ने निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि ये लोग मुद्दे की बात नहीं करेंगे। बिहार की तरक्की की बात नहीं करेंगे। जो पुराना एजेंडा है, वहीं लागू करेंगे। मैं तो गृहमंत्री से पूछना चाहता हूं कि आपने बिहार के लिए जितने वादे किए थे, वो पूरे हुए या नहीं। बिहार के स्पेशल दर्जे के बारे में नहीं बोलेंगे। कितनी नौकरियां दी, ये नहीं बता रहे हैं। अग्निवीर योजना आप क्यों लाएं। महंगाई क्यों खत्म नहीं किया। इस पर नहीं बोले रहे हैं, वो धर्म की बात कर रहे हैं। हम लोग मुद्दे की बात कर रहे हैं। अमित शाह 2 महीने पहले बोले थे कि नीतीश कुमार के लिए सारे दरवाजे बंद है। अब कैसे दरवाजा खुल गया। हम लोगों ने 5 लाख नौकरी दी। ये लोग वही हिंदु-मुस्लिम पर आ गए। आप तलवार बांटिए और हम कलम बांटेंगे।

### श्री राजपूत करणी सेना ने भाजपा को दिया अल्टीमेटमः बोले

## राजकोट प्रत्याशी रूपाला का काटो टिकट, नहीं तो राजपूत समाज सड़कों पर उतरेगा

■ संजीवनी टुडे

चित्तौड़गढ़। श्री राजपूत करणी सेना ने गुजरात के बाद अब राजस्थान में भी अपनी हुंकार भर दी। इसकी शुरुआत चित्तौड़गढ़ से करते हुए बीजेपी को अल्टीमेटम दे दिया। श्री राजपूत करणी सेना ने गुजरात के राजकोट प्रत्याशी और कैबिनेट मंत्री पुरुषोत्तम रूपाला का टिकट काटने की मांग की है। रूपाला द्वारा राजपूत महिलाओं पर की गई टिप्पणियों से सभी ने नाराजगी जताई। साथ ही कहा कि अगर मांगों को पूरा नहीं किया गया तो पूरा राजपूत समाज सड़कों पर आएगा। इसके अलावा बायकॉट बीजेपी, कमल का फूल हमारी भूल का अभियान भी चलाया जाएगा। श्री राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष महिपाल सिंह मकराना ने बताया कि राजपूत समाज की महिलाओं को लेकर कैबिनेट मंत्री और राजकोट प्रत्याशी पुरुषोत्तम रूपाला ने अभद्र टिप्पणी की। उसको लेकर क्षत्रिय समाज और करणी सेना इसका विरोध कर रही है। लगभग 15 से 20 दिनों से राजकोट में रूपाला के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किया जा रहा है। अब राजस्थान में भी इसकी शुरुआत करने जा रहे हैं।

### बंधुआ मजदूरों से भी ज्यादा पार्टी का दिया है राजपूत समाज ने साथ




उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह सिर्फ एक मंत्री की टिकट बचाने के लिए हम सबके विरोध का सामना करने के लिए भी तैयार हैं जिन्होंने बंधुआ मजदूर से भी ज्यादा इस पार्टी का साथ दिया। भाजपा कुछ समय से राजपूत समाज के साथ क्या कर रही है, इसका उदाहरण चित्तौड़ की धरती के विधायक हैं। यहां के लोकल विधायक का टिकट काट दिया। ऐसा नहीं है कि कोई बुजुर्ग हो गए हों या पांच बार विधायक बन गए हों, एक आम राजपूत का टिकट काट दिया। वह अपनी मेहनत से वापस आया है। बीजेपी राजपूत को दबाने का काम कर रही है। उन्होंने बताया कि जहां महिलाओं के मान-सम्मान की बात आती है, वहां चित्तौड़गढ़ से ही इस आंदोलन की शुरुआत की जाती है। रानी पद्मावती के लिए भी चित्तौड़गढ़ से आंदोलन की शुरुआत हुई थी, इस बार भी चित्तौड़गढ़ से ही शुरुआत होगी। उन्होंने अल्टीमेटम देते हुए कहा कि सांसद सीपी जोशी को 2017 में चित्तौड़ की धरती से हम सबने समर्थ कर दिया था क्योंकि उस टाइम हमारी बात उन्होंने संसद में उठाई थी।

## केजरीवाल को सीएम पद से हटाने की तीसरी याचिका खारिज

■ संजीवनी टुडे

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद से हटाने की मांग को लेकर एक और याचिका खारिज कर दी। आप के पूर्व विधायक संदीप कुमार ने यह याचिका लगाई थी। इसे लेकर कोर्ट ने बुधवार (10 अप्रैल) को उन्हें फटकार लगाई। एक्टिंग चीफ जस्टिस मनमोहन की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा- हम इस मामले में पहले ही अपनी राय दे चुके हैं कि उपराज्यपाल फैसला करेंगे। इसके बावजूद उसी मुद्दे को बार-बार कोर्ट में लाकर याचिकाकर्ता सिस्टम का मजाक बना रहे हैं। कोर्ट ने कहा- यह जेम्स बॉन्ड फिल्म की तरह नहीं है, जहां हम सीक्वल बनाएंगे। आप हमें राजनीतिक जाल में फंसाने की कोशिश कर रहे हैं। कोर्ट ने याचिकाकर्ता पर 50,000 रुपए का जुर्माना लगाया और कहा कि रोज-रोज आने वाली याचिकाओं को रोकने का यही एकमात्र तरीका है। याचिकाकर्ता का कहना था कि मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तारी के कारण केजरीवाल सीएम पद संभालने के लिए योग्य नहीं हैं। यह संविधान के खिलाफ है। उनके वकील ने कहा कि अगर कोर्ट कुछ नहीं करेगा, तो वे कहां जाएंगे। इस पर जस्टिस मनमोहन ने कहा- आप (याचिकाकर्ता) यहां राजनीतिक भाषण मत दीजिए। सड़क पर जाइए और वहां भाषण दीजिए। आप नेता हैं। आपको राजनीति करना पसंद होगा, लेकिन हमें इसमें शामिल नहीं होना है। हम राजनीति से दूर रहते हैं। कोर्ट ने कहा- सिर्फ आप जैसे लोगों के कारण हम मजाक बनकर रह गए हैं। हमें मजाक मत बनाइए और दोबारा इस मामले लेकर कोर्ट में मत आइएगा। इससे पहले जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद की अदालत से 8 अप्रैल को संदीप कुमार की याचिका को लेकर कहा था यह याचिका सिर्फ पब्लिसिटी के लिए दायर की गई है। दिल्ली हाईकोर्ट ने 28 मार्च और 1 अप्रैल को भी केजरीवाल को सीएम पद से हटाने की मांग को लेकर दो याचिकाएं खारिज की थीं। हाईकोर्ट ने कहा था कि अदालत राष्ट्रपति शासन का आदेश नहीं दे सकती है। उपराज्यपाल की सिफारिश पर ही राष्ट्रपति शासन पर फैसला किया जा सकता है।

### संदेशखाली में रेप-जमीन हड़पने की जांच सीबीआई करेगी

## कलकत्ता हाईकोर्ट ने कहा- 2 मई को फिर सुनवाई करेंगे, उस दिन एजेंसी रिपोर्ट सौंपे

■ संजीवनी टुडे

कोलकाता। कलकत्ता हाईकोर्ट ने बुधवार (10 अप्रैल) को पश्चिम बंगाल के संदेशखाली मामले की जांच सीबीआई को सौंप दी। अपने आदेश में कहा कि सीबीआई कोर्ट की निगरानी में जांच करेगी और रिपोर्ट सौंपेगी। मामले की अगली सुनवाई अब 2 मई को होगी। संदेशखाली की महिलाओं ने तृणमूल कांग्रेस के नेताओं पर कथित रूप से यौन उत्पीड़न और जबरन जमीन कब्जे का आरोप लगाया है। मामले में शाहजहां शेख, शिबू हाजरा और उत्तम सरदार आरोपी हैं। तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया है। हाईकोर्ट के आदेश के बाद अब राज्य की ममता बनर्जी सरकार सीबीआई जांच पर रोक नहीं लगा पाएगी। दरअसल, राज्य से जुड़े किसी भी मामले में केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई की इन्क्वायरी के लिए राज्य सरकार से अनुमति लेनी होती है। पश्चिम बंगाल सरकार ने 16 नवंबर, 2018 को राज्य में जांच और छापेमारी करने के लिए सीबीआई को दी गई 'सामान्य सहमति' वापस ले ली थी। उस समय चिटफंड घोटाले को लेकर ममता बनर्जी ने केंद्र सरकार पर केंद्रीय जांच एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाया था।



### 4 अप्रैल को कोर्ट ने कहा था- संदेशखाली का 1% सच भी शर्मनाक

इससे पहले कलकत्ता हाईकोर्ट ने 4 अप्रैल को कहा था कि संदेशखाली का 1% सच भी शर्मनाक है। कोर्ट ने कहा था कि पूरा प्रशासन और सत्ताधारी पार्टी इसके लिए नैतिक तौर पर 100% जिम्मेदार है। यह लोगों की सुरक्षा का मामला है। संदेशखाली में शेख शाहजहां और उसके दो साथियों शिबू हाजरा और उत्तम सरदार पर आरोप है कि वे महिलाओं का लंबे समय से गैंगरेप कर रहे थे। इस केस में शिबू हाजरा, उत्तम सरदार, शाहजहां समेत 18 लोगों को पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है। दिल्ली स्पेशल पुलिस एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के सेक्शन 2 के तहत सीबीआई सिर्फ केंद्र शासित प्रदेशों में सेक्शन 3 के तहत अपराधों पर खुद से जांच शुरू कर सकती है। राज्यों में जांच शुरू करने से पहले सीबीआई को सेक्शन 6 के तहत राज्य सरकार से इजाजत लेना जरूरी है।

## खबरें फटाफट

### चाकसू में भाजपा प्रत्याशी के लिये नगरपालिका क्षेत्र के कार्यकर्ताओं की बैठक




■ संजीवनी टुडे

चाकसू। दौसा लोकसभा संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कन्हैया लाल मीणा की विजय के लिये चाकसू कस्बे से बड़ी जीत के लिये क्षेत्रीय विधायक रामवतार बेरवा के निर्देशानुसार भाजपा प्रधान कार्यलय पर वरिष्ठ नेता व पूर्व मंडी चेयरमैन केलाश शर्मा की अध्यक्षता ने नगरपालिका के कार्यकर्ताओं की एक बैठक का आयोजन किया गया और वही बैठक में सभी कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई और भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में ज्यादा मतदान के लिये प्रशिक्षण दिया गया । वही बैठक पार्षद त्रिवेणी श्याम शर्मा , नगर अध्यक्ष रामधन सैनी , हाजी मेहराज खान , रामबाबू गोड़ीवाल , एसटी मोर्चा नगर अध्यक्ष धनकवर मीणा, अभिषेक शर्मा , पार्षद दिनेश शर्मा , कौशल गौतम सहित नगरपालिका के पार्षद सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे थे ।

### महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती समारोह कल, यूपी उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य होंगे शामिल

■ संजीवनी टुडे

बीकानेर। बीकानेर महात्मा ज्योतिबा फुले सेवा संस्थान द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 11 अप्रैल को महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। संस्था के अध्यक्ष गोपाल गहलोत ने बताया भारत के अग्रणी समाज सुधारकों, शिक्षकों और विचारकों में से एक, महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती इस बार महात्मा ज्योतिबा फुले सेवा संस्थान द्वारा 11 अप्रैल सांय 6 बजे माणक गेस्ट हाऊस नोखा रोड में मनाई जाएगी अलग अलग कार्यकर्ताओं को व्यवस्थाओं को लेकर जिम्मेदारी दी गई गहलोत ने कहा इस अवसर पर मुख्य अतिथि उत्तरप्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल, राज्यसभा सांसद राजेंद्र गहलोत, केबिनेट मंत्री राजस्थान सरकार सुमित गोदारा, अविनाश गहलोत, भाजपा राष्ट्रीय मंत्री अलका गुर्जर, भाजयुमो प्रदेशाध्यक्ष अंकित चेच्ची विशिष्ठ अतिथि विधायक सिद्धि कुमारी, विश्वनाथ मेघवाल, ताराचंद सारस्वत, जेठानंद व्यास, अंशुमान सिंह भाटी, पूर्व विधायक बिहारीलाल विश्नोई, महापौर सुशीला कंवर राजपुरोहित, उपमहापौर राजेंद्र पंवार, पूर्व आईएएस ओपी सैनी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के संयोजक बाबूलाल गहलोत सरक्षक ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

### बीकानेर के वरिष्ठतम शिक्षा विद् महेश स्वरूप भटनागर मतदान के बाद हुए शांत

■ संजीवनी टुडे

बीकानेर। वरिष्ठतम शिक्षाविद् 90 वर्षीय महेश स्वरूप भटनागर का आज प्रातः स्वर्गवास हो गया । सेवानिवृत शिक्षा अधिकारी समिति में गत 25 वर्षो से अधिक समय से संपादन का कार्य कर रहे थे । शिक्षक रहते हुए 60 के दशक में बीकानेर की फोर्ट स्कूल में विज्ञान मेले का अभूतपर्व आयोजन करने वाले भटनागर संवित्सोमगिरिजी महाराज, डा. एच के गांधी, डा. हेमचंन्द्र सक्सेना के शिक्षक रहे । लेखन कार्य से जुड़े रहते हुए अनेक संस्थाओं के साथ कार्य किया । परदेसियों के बगीची में आज शाम 5 बजे उनका अंतिम संस्कार किया गया । लोकतंत्र के सजग प्रहरी ने एक दिन पूर्व ही मतदान किया था । मुखाग्नि उनके पुत्र सोमेश भटनागर, भतीजे राकेश भटनागर व नीरज भटनागर ने दी । रानी बाजार मोहल्ला समिति के वरिष्ठतम सम्मानित सदस्य महेश स्वरूप भटनागर की अंतिम यात्रा शिक्षाविद् शिवनाम सिंह, इन्द्रजीत, आर के शर्मा, गिरीश खत्री, पृथ्वीसिंह राठौड़, नंदकिशोर पारीक, नितिन जैन, विनोद भटनागर, उमेश सिसोदिया, नरेश रेवड़ी, तिलक झाम्ब, रमेश शुक्ला, बृजबिहारी सोनी, अरूण भदानिया सहित अनेक गणमान्य उपस्थित थे ।



### पहली आंधी में उड़ गए 3 करोड़ के पोल

■ संजीवनी टुडे

बीकानेर। बीकानेर जिले के श्रीडूंगरगढ़ शहर में नेशनल हाईवे पर नगरपालिका द्वारा सोलर लाईटों के रूप में गत वर्ष करीब 3 करोड़ की लागत से पोल एवं लाईटें लगाईं गई थी। घटिया क्वालिटी के कारण अत्यंत कम रोशनी करने वाली इन लाईटों एवं पोल की शिकायत पहले भी कई बार हुई लेकिन करोड़ों रूपए के इस घोटाले की परतें बुधवार दोपहर आई आंधी ने उधेड़ कर रख दी। यहां शाम करीब 4 बजे आई आंधी के कारण हाईवे के किनारे लगे इन सोलर लाईटों के पोल बड़ी संख्या में गिर गए हैं एवं लाईटें भी टुट गई है। विदित रहे कि गत सरकार के दौरान राज्य की सभी नगरपालिकाओं में राज्य स्तर पर टैंडर कर यह पोल लगायें गए थे जिसमें जयपुर स्तर पर व्यापक भ्रष्टाचार के आरोप लगे थे।

# चुनावों के दौरान उजागर हुई जनता व अन्य जीवों की तड़पडात

## ग्रामीणों के बीच डॉ. किरोड़ी लाल मीना को जलदाय विभाग के अधिकारी ने गुमराह करने की कोशिश की

■ संजीवनी टुडे

टहला । दौसा लोकसभा क्षेत्र के थानागाजी विधानसभा के ग्राम पंचायत गोलाकाबास मे दोपहर 2 बजे बाद डॉ किरोड़ी लाल मीणा ने ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी कन्हैया लाल मीणा के पक्ष मे मतदान करने की अपील की,इस दौरान डॉ किरोड़ी लाल की सभा में ग्रामीण क्रोधित होते हुए अपनी भाषा में कहा कि नेताओं को जनता से जब वोटों की गरज होती है तब नेता दिन रात क्षेत्र के चारों ओर चक्कर लगाते रहते है लेकिन गरज निकलने के बाद उसी जनता को भूल जाते है। इस दौरान ग्रामीण रामोतार मूर्तिकार, कैलाश चंद गोयल आदि करीब दर्जनभर लोगों ने कहा कि पेयजल के लिए गर्मी में, जूझ रही है, तड़प रही है, जनता व अन्य जीवो को समय तो क्या समय के बाद भी पानी नहीं मिल रहा। इसके अलावा पानी का अन्य साधन तक नहीं।




जल जीवन मिशन की पाइपलाइन अभी तक चालू नही की गई, और क्षेत्र में 50 प्रतिशत कनेक्शन भी नही हुए, जल जीवन मिशन योजना के तहत करीब तीन सौ कनेक्शन करने है,कनेक्शन करवाकर योजना शीघ्र पेयजल आपूर्ति शुरू करवाए जाने की मांग की।

इस पर डॉ. करोड़ी लाल ने मंच से ही जलदाय विभाग राजगढ़ के एक्सईएन को मोबाइल कॉल पर पानी के लिए जूझ रही, तड़प रही जनता की समस्या का कारण के बारे में जानकारी चाही जिस पर एक्सईएन ने जवाब देते हुए कहा की जल सप्लाई ट्रायल करली गई है, इतना ही नहीं जलदाय विभाग के अधिकारी ने जनता की परेशानियों पर अन्य सच भी छुपाने का प्रयत्न करते हुए करोड़ी को गुमराह करने की कोशिश भी की लेकिन वजह रही की डॉ. करोड़ी मीना ग्रामीणों के बीच उपस्थित रह कर एक्सईएन से कॉल पर थे मोबाइल स्पीकर में आवाज सुनकर ग्रामीणों ने विरोध करते हुए डॉ. किरोड़ी लाल मीणा को कहा कि अधिकारी असत्य कह रहे है मौके पर अभी करीब पचास प्रतिशत कनेक्शन भी नही हुए फिर ट्रायल कैसे हो गई, इस पर ग्रामीणों की आवाज सुनाते हुए मीना ने एक्सईएन को हिदायत देते हुए तीन दिन में जल आपूर्ति सुचारू संचालित करने को कहते हुए ग्रामीणों को आश्वासन दिया। इस दौरान राजेंद्र अग्निहोत्री, बाबूलाल बाजपेई, बीजेपी नेता दयानंद शर्मा, सी आर मीणा पवन मुर्तिकार,गोलू संगेला, सहित कई अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

# भगवान श्री महावीर कथा के दौरान श्री ऋषभदेव भगवान का किया विवेचन

■ संजीवनी टुडे

बीकानेर। राष्ट्रसंत, डॉ. आचार्य प्रवर श्री दिव्यानंद सूरीश्वर महाराज साहब ( निराले बाबा) के मुखारबिंद से गंगाशहर में सेठिया भवन में चल रही भगवान श्री महावीर कथा के दौरान श्री ऋषभदेव भगवान का विवेचन, श्री पार्श्वनाथ भगवान का विवेचन के बाद श्री नेमीनाथ भगवान का जन्म महोत्सव के बाद श्री नेमीनाथ भगवान की बारात का आयोजन भव्यातिभव्य रूप सुसम्मपन्न हुआ। श्री नेमीनाथ भगवान बनने का सौभाग्य श्री विजय राज बोथरा ने एवं राजुल बनने का सौभाग्य श्री आशुराम सैन ने प्राप्त किया। ढोल बैंड बाजे के साथा श्री नेमीनाथ भगवान सजी धजी घोड़ी पर सवार होकर महावीर चौक आदि होते हुए सेठिया भवन पहुंची। फिर दिव्यानंद निराले बाबा के मुखारबिंद से मंगलाचरण से सामूहिक नमस्कार महामंत्र का उच्चारण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दिव्यानंद निराले बाबा ने बताया कि श्री नेमीनाथ भगवान जब बारात लेकर राजुल रानी के यहाँ पर पहुंचे तो बरातियों के लिए जो भोजन बनना था उसमें जीव हिंसा हो रही है तो मै शादी नहीं करूंगा बारात वापस ले चले गये और प्रभु ने( दीक्षा) संन्यास ले लिया उसके बाद आत्मिक साधना करके मोक्ष पद को प्राप्त किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विशाल नाहटा ने बताया कि भगवान श्री महावीर कथा के दौरान माता श्री त्रिशला रानी को 14 स्वप्न दिखाये जायेंगे उसके बाद प्रभु महावीर को झूले में झूलाया जायेगा। भव्यातिभव्य रूप भगवान महावीर का जन्म महोत्सव मनाया जायेगा। इस अवसर पर नवरत्न संचेती ने विचार प्रस्तुत कर ते हुए कहा कि बीकानेर गंगाशहर भीनासर आदि क्षेत्रो के प्रभु एवं गुरू भक्त का परम सौभाग्य है कि जिंदगी का परम सौभाग्य है कि हमको भगवान श्री महावीर कथा पहली बार सुनने का सौभाग्य मिला है।

# सीएलजी सदस्यों की बैठक आयोजित



■ संजीवनी टुडे

### सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं त्यौहार

जसवंतपुरा। कस्बे के पुलिस थाना परिसर में बुधवार को सीएलजी सदस्यों की बैठक उपखंड अधिकारी रामलाल मीणा, तहसीलदार रामकल्याण मीणा व थाना प्रभारी प्रताप सिंह भाटी की उपस्थिति में आयोजित हुई। बैठक में ईदुल फितुर, महात्मा ज्योतिबा फुले जंयती, डा भीमराव अंबेडकर जयंती, रामनवमी, हनुमान जयंती, महावीर जंयती सहित आगामी लोकसभा आम चुनाव को लेकर सामाजिक सौहार्द और आपसी भाईचारा बनाए रखने का आह्वान किया। साथ ही कानून व्यवस्था एंव विभिन्न समस्याओं को लेकर भी विचार विमर्श किया गया। इस मौके पर भाजपा नेता भगवान सिंह चेकला, राजूसिंह राजपुरा, चंद्र प्रकाश सेन दांतलावास, राम सिंह धरूपड़ा, यासीन खान, देवपूरी वाड़ा भवजी, हरिसिंह किबला, छैलसिंह गजापुरा, बाबू सिंह राजीकावास, सवाराम चौधरी गजापुरा, जीतू वैष्णव, वीराराम मेघवाल गोलाना, अचल सिंह सिसोदिया,उकाराम पुरोहित पावटी, प्रताप सिंह जाविया, नियाज़ मौहम्मद, भकाराम मेघवाल, रज्जाक खान, ईश्वर सैन, रुपाराम चौधरी गजापुरा, अनिल राठी सहित बड़ी संख्या गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# चोरी करके पैसों से शोक और मौज मस्ती में खर्च करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

■ संजीवनी टुडे

चाकसू। यहां बुधवार को पुलिस थाना प्रताप नगर ने कार्रवाई करते हुए दो चोर जिनमे दिनेश सैनी पुत्र मांगीलाल सैनी उम्र 28 साल निवासी नाटायाणा वाली ढाणी वाटिका रोड व विष्णु कुमार शर्मा पुत्र मुकेश शर्मा उम्र 24 साल निवासी गज़ीगढ़ सीकराय जो की हाल मे सुप्रिया कॉलोनी थाना सांगानेर को गिरफ्तार किया है । जिनके कब्जे से 13 महंगी साइकिल है । वह एक सिलेंडर एलपीजी गैस का भी बरामद किया गया है । प्रताप नगर थाना अधिकारी मुनेंद्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस के उच्च अधिकारियों का दिशा निर्देश के आधार पर टीम गठित करके कार्रवाई की गई जिसमें थाना क्षेत्र में हो रही साइकिल चोरिया व सिलेंडर चोरियों को ध्यान में रखते हुए चोरों के ऊपर सतत निगरानी रखते हुए नाकाबंदी मुखबिर काश में स्पेशल टीम की



इतला पर दिनेश कुमार सैनी व विष्णु कुमार शर्मा को रवि अपार्टमेंट के पास से प्रताप नगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है । और जिनके कब्जे से एक सिलेंडर एलपीजी गैस इंडियन कंपनी का प्रकरण में बरामद किया गया है वह 13 साइकिल भी चोरी की बरामद की गई है। चोरी की वारदात का अनोखा तरीका दोनों आरोपी अपने परिवार वालों से अलग रहते थे और रात्रि में फुटपाथ पर सोते थे और दिन में रैंकिंग कर साइकिल चोरी करते थे और चोरी के पैसों का शौक मौज के लिए स्मैक पीने के लिए खर्च करते थे ।

### पुलिस गठित टीम में

देवेंद्र कुमार उपनिरीक्षक, शंकर लाल, हुकम सिंह, गणेश कांस्टेबल, राजेश कांस्टेबल वही दोनों आरोपियों को पकड़ने में गणेश व राजेश कुमार की अहम भूमिका रही है । 13 महंगी साइकिल व दो सिलेंडर एलपीजी गैस के पुलिस ने जप्त किए हैं ।

# वूमन प्राउड फ़ेस ऑफ़ द ईयर चुनी गई अंजलि जैन

■ संजीवनी टुडे

जयपुर। पिंकसिटी निवासी सीए अंजलि जैन को वर्ष 2024 में फॉक्स स्टोरी इंडिया मैगजीन की तरफ से वूमन प्राउड फ़ेस ऑफ़ द ईयर के लिए चुना गया है। उल्लेखनीय है कि समाजसेविका अंजलि जैन 23 वर्ष की आयु से ही समाजसेवा के क्षेत्र में कार्यरत है। उन्होंने कच्ची बस्ती की स्लम एरिया में रहने वाले समाज में पिछड़े बच्चों और महिलाओं को शिक्षित करने और उनको जरूरत के मुताबिक भोजन इत्यादि की मदद करने का प्रमुख कार्य करती रहती हैं। अंजलि का कहना है कि वह समाज के प्रत्येक व्यक्ति को खुद के पैरों पर खड़ा करना चाहती हैं इसलिए वह निरंतर समाजसेवा का कार्य करती रहती हैं। उल्लेखनीय है कि अंजलि अपनी मां के नाम पर बनाई गई संस्था अंजु देवी मेमोरियल ट्रस्ट के माध्यम से समाजसेवा का कार्य कर रही हैं। गौरतलब है कि हाल ही में अंजलि जैन खुद के द्वारा किए जा रहे समाजसेवा के कार्यो के लिए फिल्म एक्ट्रेस अमीषा पटेल के हाथों भी सम्मानित हो चुकी हैं। अंजलि जैन कैंसर व एचआईवी पीड़ित बच्चों के इलाज और उनकी शिक्षा एवं उनके जीवनयापन के लिए मदद करने का कार्य करती रहती हैं।



# लो भैया ! अब शादी के कार्ड पर अयोध्या श्री श्रीराम मंदिर के साथ... मोदी भी 'अबकी बार 400 पार

■ संजीवनी टुडे

चाकसू । वैसे तो पूरे देश में ही लोकसभा चुनाव 2024 का रंग चढ़ा हुआ है । लेकिन प्रदेश खासकर राजस्थान के एक परिवार पर ये रंग सिर चढ़कर बोल रहा हैं। चाकसू उपखंड क्षेत्र के कोटखावदा तहसील के माधोपुरा गांव का है । और यहां से मिल रही मजेदार खबर यह कि कुडाया फैमिली में कुछ ही दिन बाद यानि 23 अप्रैल को इस परिवार के बेटे की शादी हैं। वहीं. लोकसभा चुनाव मतदान दिवस के दिन 19 अप्रैल को लगन टिका व प्रीतिभोज का आयोजन को लेकर खास बात यह है कि इन्होंने शादी का जो कार्ड छपवाया है । और वह सबसे हटकर है। शादी के इस कार्ड पर इन्होंने अयोध्या के श्रीराम मंदिर को अंकित किया हैं। साथ ही 'मोदीजी के फोटो कमल के निशान के साथ अबकी बार 400 के पार फिर एक बार मोदी सरकार' का संदेश दिया है ' इस कार्ड को दिखाते वक्त कुडाया परिवार ने बीजेपी का 'अबकी बार 400 पार' का नारा भी लगाया। परिवार का कहना है कि यह कार्ड लोगों को जागरूक भी करेगा और वोट देने के लिए प्रेरित भी करेगा। कुडाया परिवार की बड़ी बेटी मंजू शर्मा व विनोद माहि कुडाया ने बताया कि उनके पिता बद्री नारायण ने अपने छोटे बेटे हसमुख शर्मा की शादी के 51 कार्ड छपवाए हैं। परिवार में बेटे की शादी को लेकर 19 अप्रैल को मतदान दिवस के दिन लगन टिका व प्रीतिभोज करने का परिवार ने निर्यण लिया। उन्होंने कहा कि राम मंदिर के बाद देशभर में पीएम मोदी का माहौल है। हम चाहते हैं कि देश का विकास लगातार होता रहे। लोगों की भावनाएं आज पीएम मोदी के साथ हैं। हम खुद तो देश के लिए उतना नहीं कर सकते, जितना पीएम मोदी कर सकते हैं। इसलिए उन्हें जिताने की अपील की गई है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी के देश हित में लिए अहम निर्णय व सालों बाद भगवान श्रीराम का मंदिर बनने के बाद सभी जन मानस की तपस्याएं सफल हुई हैं। इससे प्रेरित होकर उन्होंने कहा कि जब मैं ये कार्ड बांटने गया तो लोगों ने मुझे बधाई दी। गौरतलब है कि इस समय में लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लगी हुई हैं। ऐसे में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए और बीजेपी को जिताने के लिए कुडाया परिवार ने नया तरीका अपनाया है।



# राजस्थान में पहली बार वृहद् स्तर पर आयोजित हुआ होम्योपैथी शिविर

■ संजीवनी टुडे

### 1125 रोगियों को मिला निःशुल्क दवा, जांच एवं परामर्श का लाभ

बीकानेर। होम्योपैथी के जनक फादर ऑफ होम्योपैथी डॉ. सैमुअल हैनीमेन के जन्मदिवस पर राजकीय होम्योपैथिक औषधालय, चौपड़ा कटला रानीबाजार में ऐतिहासिक निःशुल्क जांच, परामर्श एवं दवा वितरण का शिविर आयोजित किया गया। जहां करीब 1125 मरीजों ने ना केवल स्वास्थ्य लाभ लिया अपितु परदेशियों की बगेची मुक्तिधाम समिति की ओर से आयोजित शिविर की सराहना की। वजह यह कि होम्योपैथिक दिवस पर आज तक केवल गोष्ठियां और होम्योपैथी के जनक डॉ. सैमुअल हैनीमेन को श्रद्धासुमन अर्पित करने से ज्यादा कुछ नहीं हुआ। लेकिन इस बार समिति के प्रयास से पहली बार वृहद् स्तर पर आयोजित हुए शिविर की चहुंओर प्रशंषा की गई। समिति के प्रबंधक राजीव शर्मा ने बताया कि शिविर १० अप्रेल बुधवार को सुबह 8 बजे श्री लालेश्वर महादेव मंदिर शिवमठ, शिवबाड़ी, के महन्त स्वामी विमर्शानन्दगिरी जी महाराज के कर कमलों से आरंभ हुआ। जहां शिविर का विधिवत् उद्घाटन स्वयं विमर्शानन्द जी महाराज ने डॉ. अशोक सुथार से जांच एवं परामर्श लेकर किया। कार्यक्रम के विशेष अतिथि बृजमोहन शर्मा थे। इस अवसर पर उन्होंने समिति के पदाधिकारियों सहित चिकित्सकों और उनकी टीम को मानव मात्र की सेवा के लिए किए गए प्रयासों की



सराहना करते हुए उन्हें साधुवाद एवं आशीर्वाद दिया। समिति के प्रबंधक राजीव शर्मा ने बताया कि निःशुल्क होम्योपैथी शिविर सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक तय था। लेकिन रोगियों की बढ़ती संख्या के चलते यह करीब 3.30 बजे तक अनवरत चला। जहां जहां चिकित्सा अधिकारी डॉ. अशोक सुथार एवं डॉ. इन्द्रा भादू सहित मेडिकल टीम ने अपनी भरपूर सेवाएं दी। शिविर में विभिन्न होम्योपैथिक कंपनियों की जैनरिक एवं ब्रांडेड दवाईयां मरीजों को निःशुल्क प्रदान की गई। साथ ही बी.पी, ब्लड प्रेशर (हाई एण्ड लो), और शुगर की जांच भी की गई। इसके अलावा हद्धय रोग, मोटापा, स्त्री रोग, बाल रोग, चर्म रोग, मौसमी बीमारी, पाइल्स, पथरी एवं अन्य रोग की जानकारी के साथ परामर्श दिया गया। शिविर में समिति के प्रदीप भारद्धाज, संजय शर्मा, मनोज कल्ला, दिनेश वत्स, राकेश बत्रा, योगेश भार्गव, संजय गुर्जर, कैलाश पूनिया, मानव गुप्ता, प्रमोद शर्मा, विजय शर्मा, विजयकुमार थिरानी, नरेश गोयल, रामकुमार झंवर, शशि मोहता, तुषार शर्मा, देवकृष्ण जोशी आदि का अतुलनीय सहयोग रहा।

# श्री राम जनमानस में जनजीवन में बसे हैं,वह एक पार्टी के कैसे हो सकते हैं: अशोक गहलोत

■ संजीवनी टुडे

जालोर। जालोर लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी वैभव गहलोत के समर्थन में बुधवार को आहोर और जालोर क्षेत्र में कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किए गए। आहोर में सम्मेलन को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि आज लोकतंत्र और संविधान को कमजोर करने की कोशिश की जा रही है। बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के संविधान को बदलने की कोशिश की जा रही है। जनता ने आज नहीं सोचा तो आगे बहुत पछताएगी। ईडी, सीबीआई और इनकम टैक्स डिपार्टमेंट केंद्र सरकार के हाथों की कठपुतलियां हैं। भाजपा ने 8500 करोड़ रुपए का चंदा इलेक्ट्रोल बॉन्ड से लिया है। एजेंसियों का इस्तेमाल करके, डर पैदा कर यह चंदा जिस तरह से लिया गया है, यह आम जनता खूब जानती है। उन्होंने कहा कि श्री राम जन-जन के मन में बसे हैं, जनजीवन में बसे हैं। बचपन से ही हम श्रीराम, हनुमान की भक्ति करते आ रहे हैं। वह किसी एक पार्टी के कैसे हो सकते हैं। भाजपा जाति, धर्म की राजनीति करती है, इसलिए वह राम के नाम पर सर्टिफिकेट दे रही है कि राम किसके हैं।

### वैभव का प्रयास, रोहट से ठेठ सांचौर तक नेशनल हाईवे बनवाने का होगा

गहलोत ने कहा कि पिछली कांग्रेस सरकार ने जनता के हित के लिए काफी काम किए हैं। आहोर में सीएचसी पीएससी खुलवाई, इसे नगरपालिका बनवाया, यहां स्कूल खुलवाए गए। चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा, महंगाई राहत कैंप, अन्नपूर्णा फूड पैकेट, कामधेनु पशु बीमा, 100 यूनिट घरेलू और 2000 यूनिट कृषि के लिए मुफ्त बिजली जैसी योजनाओं से जनता को राहत दिलवाई। उन्होंने कहा कि वैभव गहलोत का प्रयास रहेगा कि वह रोहट से ठेठ सांचौर तक नेशनल हाईवे बनवाए। सिरोही और जालोर को आपस में हाईवे से जोड़ा जाएगा। जिन क्षेत्रों में नर्मदा का पानी नहीं पहुंचा, वहां भी नर्मदा लाने का प्रयास करेंगे। जवाई बांध का पुनर्भरण कराया जाएगा। रेल और हवाई मार्ग से कनेक्टिविटी बढ़ाने के भी प्रयास किए जाएंगे। कार्यक्रम में मीणा समाज की तरफ से अशोक गहलोत का भव्य स्वागत किया गया। इससे पहले भीनमाल से आहोर आते समय मार्ग में कागमाला सहित विभिन्न स्थानों पर अशोक गहलोत का स्वागत किया गया।



### गहलोत ने लालसिंह राठौड़ को दिया धन्यवाद

जालोर में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में अशोक गहलोत ने लाल सिंह राठौड़ को पुनः कांग्रेस ज्वॉइन करने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की पिछली सरकार ने जनकल्याण के कार्य किए और सभी धर्मों, जातियों, वर्गों के लोगों को उन योजनाओं का लाभ दिलाया। अब भाजपा सरकार इन योजनाओं को बंद कर रही है। उन्होंने कहा कि चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा, अन्नपूर्णा फूड पैकेट, इंग्लिश मीडियम स्कूल जैसी योजनाओं और कार्यों को भाजपा ने बंद क्यों किया, यदि परेशानी थी तो इनका नाम बदल देते। उन्होंने कहा कि यह लोकसभा चुनाव बहुत महत्वपूर्ण है, आप लोकतंत्र को बचाने के लिए वोट जरूरत दें। वैभव गहलोत को अपना आशीर्वाद दें।

### सम्मेलन में यह हुए शामिल

आहोर और जालोर में आयोजित कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलनों में राज्यसभा सांसद नीरज डांगी, रानीवाड़ा विधायक रतन देवासी, विधानसभा प्रत्याशी सरोज चौधरी, भंवरलाल मेघवाल, रमिला मेघवाल, खुशवीर सिंह, हेम सिंह शेखावत, उम सिंह चांदराई, वीरेंद्र जोशी, महेंद्र गहलोत, करण सिंह, सवाराम पटेल, भूराराम सीरवी, गरबा राम मीना, मांगीलाल, ऐश्वर्या सांखला, कैलाश मेघवाल, छगन मेघवाल, योगेन्द्र सिंह कुम्पावत सहित कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए।

### प्रेसवार्ता मे बोले गहलोत

गहलोत बोले, लोकतंत्र को बचाने की जिम्मेदारी मीडिया की पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जालोर में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि 20 साल से भाजपा सांसदों ने जालोर,सांचौर और सिरोही को उपेक्षित रखा है। यहां पानी की, ट्रेन कनेक्टिविटी की, उद्योग-धंधों से जुड़ी समस्याएं थीं, लेकिन भाजपा सांसदों ने कोई काम नहीं कराया। कांग्रेस पार्टी की जीत न हो इसलिए कांग्रेस के बैंक खातों को भी सीज करने का काम किया, यूएनओ तक में यह मामला उठा। इलेक्ट्रोरल बॉन्ड एक बड़ा घोटाला है, इस बात को भाजपा के अपने लोग भी कह रहे हैं। 10 साल में भाजपा की केंद्र सरकार कालाधन सामने नहीं ला सकी है। संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग हो रहा है। ऐसे में लोकतंत्र को बचाने के लिए मीडिया की जिम्मेदारी बहुत अहम है। उन्होंने कहा कि जालोर के विकास के लिए वैभव गहलोत के साथ-साथ कांग्रेस के सभी विधायक, प्रतिनिधिगण, कार्यकर्ता एकजुट हैं और एक टीम बनाकर जालोर के विकास के लिए कार्य कर रहे हैं। जालोर को किसी भी कीमत पर पिछड़ने नहीं दिया जाएगा।

## जगह-जगह गणगौर के सामूहिक पूजन के कार्यक्रम आयोजित किए



■ संजीवनी टुडे

बीकानेर। बीकानेर में इस समय जगह-जगह गणगौर के सामूहिक पूजन के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। ऐसा ही एक आयोजन हर्षो का चौक स्थित बोहरा जी गली में हुआ जिसमें गणगौर माता का सामूहिक पूजन तथा माता के बासा का कार्यक्रम किया। कार्यक्रम की संयोजक मोनिका पुरोहित ने बताया कि इस अवसर पर पूरे गली मौहल्ले को सजाया गया, गणगौर माता का सामूहिक पूजन किया गया, तथा हर घर में गणगौर माता के भोग लिए बड़ा प्रसाद बनाया गया, मौहल्ले की सभी औरतों ने मिल कर गणगौर माता के गीत तथा भजन गाये, इसमे श्रीमती नबंदा पुरोहित राखी ब्यास गायत्री बोहरा सुमन ब्यास किरण आचार्य पुजा ब्यास राधिका कल वाणी सुषमा देराश्री छाया ब्यास दुर्गा देवी ब्यास शिल्पी ब्यास अनु देराश्री सीमा ब्यास शोभा देरासरी तथा इसके अलावा प्रहलाद दास पुरोहित रामकुमार ब्यास सुरज करण ब्यास गवरी शंकर कलवाणी गणेश दास देरासरी सनु कलवाणी सभी गली मोहल्ले के लोग उपस्थित रहे

## वर्ल्ड ओरल हेल्थ डे जागरूकता पखवाड़ा संपन्न

■ संजीवनी टुडे

जयपुर। वर्ल्ड ओरल हेल्थ डे 20मार्च से शुरू हुए जागरूकता पखवाड़े का बुधवार को समापन हुआ। समापन कार्यक्रम के अवसर पर इण्डियन डेंटल एसोसिएशन के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. हरीश भारद्वाज ने कहा कि स्वस्थ शरीर के लिए स्वस्थ दांत आवश्यक है उन्होंने इस कार्यक्रम के लिए आईडीए राजस्थान शाखा व आईडीए जयपुर ग्रेटर शाखा की सराहना की। इस अवसर पर इण्डियन डेंटल एसोसिएशन राजस्थान के सचिव डॉ. जे एस वालिया ने बताया कि इसी क्रम में राजस्थान में आम जन को मुख स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारी देने के लिए 20 मार्च से 10 अप्रैल तक विभिन्न स्थानों पर प्रातः 6.30से 7.30 बजे तक आईडीए सदस्यों द्वारा स्वच्छ मुख अभियान में ओरल हाइजीन हेतु जागरूकता के लिए विशेष कैम्प आयोजित किए गए आईडीए जयपुर ग्रेटर के सचिव डॉ सुनील राघव ने बताया कि एफ़डीआई द्वारा वुड 2024 की थीम ह्ल हैपी माउंथ इज ए हैपी बॉडी है। डॉ प्रशांत भारद्वाज अध्यक्ष आईडीए जयपुर ग्रेटर शाखा ने बताया पहला कैम्प 20 मार्च को सिटी पार्क मानसरोवर में आयोजित किया गया साथ ही शहर के अन्य स्थानों पर ये कार्यक्रम आयोजित किए गये।विद्यालयों में मुख स्वास्थ्य की जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में डॉ धीरज गुप्ता ,डॉ पूजा गुप्ता ,डॉ अरविंद शर्मा ,डॉ अंकुर कनोडिया ,डॉ गौरव पाल सिंह ,डॉ धवल गोयल ,डॉ हिमांशु शर्मा आदि का योगदान रहा।

## नवी मुंबई में संपन्न हुआ हेड-नेक 'कैडेवर डिसेक्शन वर्कशॉप'

■ संजीवनी टुडे

मुंबई। एसीसी नवी मुंबई में डीवाई पाटील यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मेडिसिन, नवी मुंबई के सहयोग से ओरल ऑन्कोलॉजी में 2 दिवसीय 'कैडेवर डिसेक्शन वर्कशॉप' का आयोजन किया। डॉ. अनिल डी'क्रूज़-निदेशक ऑन्कोलॉजी और वरिष्ठ सलाहकार सर्जिकल ऑन्कोलॉजी पाठ्यक्रम निदेशक थे और डॉ. सताक्षी चॅटर्जी - सलाहकार सर्जिकल ऑन्कोलॉजी पाठ्यक्रम समन्वयक थे। डॉ. राजीव राव - डीन, डीवाई पाटिल यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मेडिसिन ने कार्यशाला का उदारतापूर्वक सहयोग किया। डॉ. तेजिंदर सिंह-सीनियर कंसल्टेंट मेडिकल ऑन्कोलॉजी, एसीसी नवी मुंबई, डॉ. अमोल इंगोले - सीनियर कंसल्टेंट रेडियोलॉजी, अपोलो हॉस्पिटल्स नवी मुंबई द्वारा जानकारीपूर्ण व्याख्यान दिए गए। टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल, मुंबई दिल्ली और कोलकाता के संस्थानों के राष्ट्रीय विशेषज्ञ सम्मानित फैकल्टी भी सम्मिलित हुए। एसीसी नवी मुंबई हेड एंड नेक सर्जिकल ऑन्कोलॉजी टीम द्वारा कैडेवर डिस्कशन का प्रदर्शन किया गया। 2-दिवसीय कार्यशाला में भारत भर के 140 प्रतिनिधियों ने भाग लिया और एक अत्याधुनिक डिसेक्शन वर्कशॉप में प्रस्तुतियाँ, चर्चाएँ और व्यावहारिक हेड और नेक ऑन्कोलॉजी डिसेक्शन वर्कशॉप का आयोजन किया। डॉ. अनिल डी'क्रूज़, निदेशक-वरिष्ठ सलाहकार सर्जिकल ऑन्कोलॉजी, अपोलो कैंसर सेंटर नवी मुंबई में कहा,''एसीसी नवी मुंबई में हेड एवं नेक ऑन्कोलॉजी डिसेक्शन वर्कशॉप विशेष रूप से मैक्सिलो-फ़ेशियल, ईएनटी, हेड एवं नेक सहित विभिन्न विषयों के उभरते सर्जनों को देने के लिए डिज़ाइन की गई थी।

# विश्व महायुद्ध खत्म हुआ उसमे जो हस्ताक्षर था वो था बीकानेर का गौरवः एस जयशंकर

■ संजीवनी टुडे

बीकानेर। आज रिद्धि सिद्धि भवन में प्रबुध्जन सम्मेलन का आयोजन हुआ जिसमे विदेश मंत्री भारत सरकार सुब्रह्मण्यम जयशंकर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे उनके साथ प्रदेश चुनाव सह प्रभारी व पश्चिम दिल्ली सांसद प्रवेश साहिब सिंह वर्मा भी उपस्थित रहे कार्यक्रम में समाज के सभी प्रबुद्धजन डॉक्टर, इंजीनियर, चार्टर्ड अकाउंटेंट, नर्सेज, सामाजिक संस्था संचालक, व्यापारिक प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधि, वकील, सामाजिक कार्यकर्ता, साहित्यकार, पत्रकार, लेखक, निजी स्कूल संचालक, पूर्व सैनिक, पूर्व प्रशासनिक अधिकारी बीकानेर जिले के अन्य सभी वर्गों के प्रबुद्ध नागरिक शामिल हुए। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अपने संबोधन में बीकानेर लोकसभा प्रत्याशी अर्जुनराम मेघवाल की तारीफ करते हुए कहा संसद आज आपने बीकानेर के लाडले सांसद अर्जुनराम मेघवाल की तैयारी से चलता है उनका संसद में बहुत सम्मान है जब अर्जुनराम मेघवाल संसद में अपनी बात रखते है तब पूरी संसद उनकी बात बड़े सम्मान से सुनती है बीकानेर की बात करते हुए कहा में दिल्ली से देखता हूं सिलीगुड़ी हो दुबई हो बीकानेर वाला हर जगह पर है आप सिर्फ भारत तक सीमित नहीं है आप सब जगह है टूरिस्ट में बीकानेर का कैमल फ़ेस्टिवल पूरी दुनिया में फ़ेमस है बीकानेर का महत्व बीकानेर की कूटनीति में भी है 100 साल पहले विश्व महायुद्ध जब खत्म हुआ उसमे भारत की तरफ से एक ही हस्ताक्षर था वो बीकानेर का था 100 साल पहले वहा जाना अपनी बात रखना बड़ी बात है आपके लिए गौरव की बात है बीकानेर इतने साल से देश को अपना योगदान दे रहा है आगे भी देगा मुझे यहां से लगता है




बीकानेर ने अपना मन बना लिया है ये चुनाव एक विषय पर मोदी की गारंटी पर है प्रधानमंत्री मोदी की कार्यशैली को सबने देखा है ये विश्वास है इसकी कीमत में बता नही सकता रूस यूक्रेन युद्ध में हमने 90 फ्लाइट चलाए थे और हर व्यक्ति को संकट से निकाला है अब जो भी विदेश में फस जाए उसके लिए हमने सिस्टम बनाया है 10 साल में 3 लाख 30 हजार लोगो को हमने बचाया है। 10 साल में कितना परिवर्तन आया है उदाहरण देते हुए कहा 10 साल पहले मुंबई हमले का जवाब क्या था और मोदी सरकार में उरी और बालाकोट का जवाब क्या था देश अब आतंकवाद को कभी बर्दास्त नही करेगा सेना को हमने सम्मान दिया है हमारे सीमा में पिछले चार साल से चीन ने दबाव डालने की कोशिश की उस समय हम लोक डाउन में थे हमने चीन को मुंहतोड़ जवाब दिया है जी 20 में हमारी अध्यक्षता रही 100 देश को वेक्सिन और 125 देशों को दवाइयां हमने भेजी है जलजीवन का काम जैसा भारत में हुआ हैं हमारे यहां लीकेज अब इतिहास है आज दुनिया हैरान है 100 करोड़ लोगो का मतदान कितनी आसानी से कितनी सफलता से हम करवा रहे है हमे मानना चाइए हम आज सुशासन हो या चुनाव पूरी दुनिया पर हमारा प्रभाव है। पूरी दुनिया जानती है आज हम टॉप पांच पर है और पूरी दुनिया जानती है जल्दी हम तीसरे नंबर पर आयेंगे। हम आज सिर्फ शहर की बात नहीं करते हम देश में बैठे अंतिम व्यक्ति की बात करते है। हम आज आत्मनिर्भर भारत है आज विकसित देश हमारे साथ समझोता करने आते है।अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का इतना प्रभाव है आज पूरी दुनिया इस को मानती है पूरे ग्लोबल साउथ में आज मोटे अनाज की महता बढ़ी है दुबई में स्वामी नारायण मंदिर का प्रधानमंत्री ने उद्घाटन किया है ये सनातन के लिए गौरव की बात है जब आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री कहते है मोदी बॉस है हमारा सीना चौड़ा हो जाता है ये है नया भारत है। पिछले 10 साल में इस देश में 75 नए एयरपोर्ट बने है। देश में 10 हजार किलोमीटर नए हाइवे बने है हर साल देश में नए मेट्रो स्टेशन बन रहे है। हमे विकसित भारत की ओर जाना है तो अगले पच्चीस साल का विजन रखे इसलिए हमे सोच समझकर मतदान करना है। प्रदेश चुनाव प्रभारी प्रवेश साहिब सिंह वर्मा ने कहा हमारा देश में लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व है चुनाव 2014 और 219 में आपने कमल का बटन दबाया तभी रामनंदिर बना, धारा 370 हटी, आज हमारे सैनिक पाकिस्तान में घुसकर दुश्मनों को मार रहे है। आज हमने अपनी उड़ान को ऊंचा कर दिया है और हमारे सामने आसमान भी ऊंचा है आज घमंडिया गठबंधन भ्रष्टाचार नही कर पा रहे है देश को लूट नही पा रहे है अगर 12 लाख करोड़ का घोटाला करने वाले आज एक होकर लड़ रहे है। तक देश में नेतृत्व मजबूत हो तभी सारे चोर एक हो जाते है। जब कोवीड चरम पर था लोग मर रहे थे तब गठबंधन के लोग शराब की नीतियां बना रहे थे। अर्जुनराम मेघवाल ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नेतृत्व और जयशंकर जी की नीतियों से भारत आज विश्वामित्र के रूप में उभर रहा है जयशंकर जी पर्दे के पीछे देश का महत्वपूर्ण काम करते है विदेश मंत्री जी का बीकानेर से नाता है ऑपरेशन गंगा मिशन के तहत हमारे यहां 50 से ज्यादा छात्र यूक्रेन से आए थे जिसकी तारीफ हमारे बीकानेर सांसद सेवा केंद्र में तारीफ हुई थी, कतर में जिन को फांसी की सजा सुनाई उनको सकुशल भारत लाने का काम इनके नेतृत्व में हुआ 2023 में जब सूडान संकट आया था तब ऑपरेशन कावेरी के तहत हमारे देश के लोगो को सकुशल भारत में लेकर आए थे भारत जी 20 में देश का नाम विश्व में फहराता है यूएई और दुबई में जिस मंदिर का उद्घाटन मोदी जी ने किया उसमे इनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है आज दुनिया के सारे देश भारत में अपना मित्र खोज रहे है उसका श्रेय हमारे विदेश मंत्री को जाता है बीकानेर शहर के लोगो की तारीफ में कहा इस शहर की विशेषता है ये शहर रसगुल्ले की तरह मीठा भी है और भुजिया की तरह तीखा भी है यहां छोटी काशी का भाईचारा है अपनत्व है अर्जुनराम मेघवाल ने विदेश मंत्री से पासपोर्ट ऑफिस की बीकानेर में मांग की जिसको एस जय शंकर ने अपने संबोधन में सहमति देते हुए कहा हम अर्जुन जी की बात कैसे टाल सकते है। गायक अली गनी ने पधारो म्हारे गीत से एस जयशंकर का स्वागत किया। आज के प्रबुध्जन सम्मेलन में चित्रकार महावीर स्वामी, रवि गहलोत, आदित्य कुलरिया, बसंती हर्ष ,ओम प्रकाश साहू, रंगसूत्र पेंटर पृथ्वी, शिक्षाविद सुभाष स्वामी, आर्किटेक्चर आरके सुथार, व्यवसाय राजेंद्र अग्रवाल, डीपी प्चीसिया, सुधीर भाटिया, एडवोकेट नारायण चोपड़ा, सोहनलाल बेड, आरके दास गुप्ता, कन्यालाल बोथरा, डॉ नीलम जैन, परमजीत बोहरा, जयचंद लाल डागा, विनोद गोयल, नरेश चुग, अनुराधा जैन डॉक्टर, सी सचदेवा, डॉक्टर हेमंत दगा, मनीष बाफना, लक्ष्मण मोदी, डॉ नितिन गोयल, शिवचरण शर्मा, राकेश माथुर, देवेंद्र जैन, शशिकांत अग्रवाल, राकेश रावत, बीके मोदी, सिद्धार्थ डागा, विनय दगा, अंकित बाफना, जुगल राठी, बिगड़ी एमएल वर्मा, कर्नल मनोहर सिंह, कर्नल राजेंद्र सिंह बीका, कर्नल देवी सिंह राठौड़, कर्नल दिग्विजय सिंह, कर्नल पीएस राठौड़, कर्नल जीवन शर्मा, कर्नल महेंद्र सिंह, अनिल वर्मा, पाक विस्थापित चंदन सिंह सोडा, कमल सिंह, सवाई सिंह, लक्ष्मण सिंह, रूप सिंह, कैलाश दान, सुरेश स्थान, प्रेमदान चरण, आनंदगढ़ श्रीराम चरण, भूर सिंह, शैतान सिंह, देवी लाल मेघवाल, हरबंस सिंह, दौलत सिंह उपस्थित रहे।

# विधायक की प्रेरणा से बीकानेर इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई लिमिटेड ने जिला अस्पताल को डिजिटल एक्सरे मशीन प्रदान की

■ संजीवनी टुडे

बीकानेर। एसडीएम राजकीय जिला चिकित्सालय, जस्सूसर गेट बीकानेर को नवरात्रि के अवसर पर नई सौगात मिली है। विधायक जेठानन्द व्यास की प्रेरणा से बीकानेर इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई लिमिटेड ने जिला अस्पताल को डिजिटल एक्सरे मशीन (सीआर सिस्टम के साथ) भेंट की है। अधीक्षक डॉ सुनील हर्ष ने बताया कि नई एक्सरे मशीन के साथ साथ कंप्यूटरीकृत रेडियोग्राफी (सीआर) सिस्टम अगले सप्ताह तक इंस्टाल करके मशीन का उपयोग प्रारंभ कर दिया जाएगा। गौरतलब है कि पिछले कई महीनों से जिला अस्पताल में डिजिटल एक्सरे मशीन खराब पड़ी थी। जिससे यहां आने वाले मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। अब नई मशीन आने पर मरीजों को एक्सरे के लिए अन्य स्थानों पर जाना नहीं पडेगा। कंपनी के प्रतिनिधि संजय झा ने




बताया बीकानेर इलेक्ट्रसिटी सप्लाई लिमिटेड सदैव बीकानेर शहर में आमजन से जुडे सामाजिक सरोकारों मे भागीदारी निभाती रही है। इसी क्रम मे बीकानेर पश्चिम विधायक श्री जेठानन्द व्यास की प्रेरणा से करीब 11 लाख की लागत अत्याधुनिक 500 एमए सीआर सिस्टम से युक्त एक्सरे मशीन बीकानेर के आमजन की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए भेंट की जा रही है। इस दौरान जिला अस्पताल में कार्यरत रेडियोग्राफर सुशील मोयल एवं बालकिशन व्यास उपस्थित रहे।

# पंजाब नेशनल बैंक का 130वां स्थापना दिवस 12 को

■ संजीवनी टुडे

## जिला अस्पताल को भेंट की बैंच

बीकानेर। पंजाब नेशनल बैंक द्वारा अपने 130वें स्थापना दिवस (12 अप्रैल) के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की श्रृंखला में बुधवार को एसडीएम राजकीय जिला अस्पताल को मरीजों एवं उनके परिजनों के बैठने के लिए बैंच भेंट की। इस अवसर पर बैंक के मंडल प्रमुख राजेंद्र मोहन शर्मा ने कहा कि पीड़ित व्यक्ति की सेवा और सहयोग सबसे बड़ा पुण्य है। पीएनबी परिवार इसके लिए सदैव संकल्पबद्ध रहता है। उन्होंने कहा कि बैंक द्वारा अपने स्थापना दिवस के अवसर पर सामाजिक सरोकार के अनेक कार्य किए जाएंगे। अस्पताल



अधीक्षक डॉ. सुनील हर्ष ने बताया कि जिला अस्पताल में निरंतर सुविधाओं के विस्तार और व्यवस्थाओं मे सुधार हेतु कार्य किए जा रहे हैं। जिसमें अस्पताल में ओपीडी व्यवस्था में परिवर्तन के साथ-साथ ओपीडी में भीड़भाड़ की स्थिति में मरीजों के बैठने के लिए व्यवस्था की जा रही है। इस क्रम मे पंजाब नेशनल बैंक के द्वारा दिया गया सहयोग सराहनीय एवं प्रेरणादायक है। कार्यक्रम में मुख्य प्रबंधक दीनदयाल सुथार, विक्रम मीना, बैंक एसोसिएशन के चंद्रकांत व्यास, रामप्रताप गोदारा, दीपक हर्ष, आरएमआरएस सदस्य सरजू नारायण पुरोहित, सुशील व्यास, रामचंद्र ओझा और सुशील मोयल उपस्थित रहे।

# राइज़ एन' शाइन बायोटेक से आपूर्ति किए गए ब्लू जावा केले के पौधे ने दिए शानदार नतीजे

■ संजीवनी टुडे

जयपुर। राइज़ एन' शाइन बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए ब्लू जावा को विकसित किया है। यह एक खास स्वाद और रंग के साथ केले की नई किस्म (वैराईटी) है। व्यावसायिक आधार पर भारत में पहली बार उपलब्ध कराए जाने के कारण इस किस्म की पहली फसल आज राइज़ एन' शाइन बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड की संस्थापक और सीएमडी डॉ. भाग्यश्री पी. पाटिल और तमाम दूसरे गणमान्य व्यक्तियों की सम्मानित उपस्थिति में काटी गई। इस अवसर पर राइज़ एन' शाइन बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड के फार्म ऑपरेशन मैनेजर अमेय डी पाटिल, मिस इशिता डी. मोहिते पाटिल और राजलक्ष्मी डी पाटिल के साथ-साथ आसपास के गांवों के



किसान भी शामिल रहे। इस कार्यक्रम का आयोजन राइज़ एन' शाइन बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड से मिले इस खास किस्म के केले की शुरुआती फल आने की अवस्था और कटाई का जश्न मनाने के लिए किया गया। इसकी पहली फसल को सोलापुर जिले के करमाला तालुका में रहने वाले एक इंजीनियर और किसान अभिजीत पाटिल द्वारा 2 एकड़ जमीन पर लगाया गया था। अभिजीत इसके पहले लाल केला, ड्रैगन फ्रूट और सेब जैसे अनोखे फलों की खेती करने के लिए प्रसिद्ध हैं। उनके साथ कई अन्य किसानों ने भी केले की इस किस्म को सफलतापूर्वक उगाया है और जोरदार पैदावार हासिल की है। पुणे स्थित कंपनी ने इन किसानों को इस खेती के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया, रोपण से लेकर कटाई तक हर चरण में उनकी सहायता की जिसका शानदार नतीजा देखने को मिला है। ब्लू जावा केले पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं और स्वास्थ्य के लिए कई तरह से लाभप्रद होते हैं। ये केले मांसपेशियों को मजबूती देने, ब्लड शुगर कम करने, वजन घटाने, अनिद्रा घटाने, पाचन में सहायता करने, कैंसर को रोकने और हृदय की सेहत को सहयोग देने में सहायक होते हैं।

# भाजपा प्रत्याशी मेघवाल ने क्षेत्र का दौरा किया

■ संजीवनी टुडे

बीकानेर। लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी अर्जुनराम मेघवाल ने बुधवार को सुरपुरा, सलूण्डिया, अणखीसर, धुपालिया, जैसलसर, मैनसर, बग्नेऊ, गजसुखदेसर क्षेत्र का दौरा किया। जनसंपर्क के दौरान अर्जुनराम मेघवाल ने कहा कि मेघवाल ने कहा कि हमारा परिवार कमल परिवार की सोच के साथ हम सभी को देश के विकास में भागीदार बनना है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता की बदौलत ही आज मैं बीकानेर की पैरवी देश की सबसे बड़ी पंचायत में कर रहा हूं। आपके आशीर्वाद से तीन बार क्षेत्र के प्रतिनिधित्व का मौका मिला है। जनता के उत्साह और स्नेह को देखकर लगता है कि इस बार जनता ओर अधिक प्यार मतों के रूप में मुझे देकर संसद भेजेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का सूरज अस्त हो रहा है। कांग्रेस के प्रत्याशी मैदान छोड़कर भाग रहे हैं। जबकि भाजपा और मोदी ने देश की जनता के साथ किया प्रत्येक वादा निभाया है। इससे जनता में भाजपा के प्रति विश्वास



और अधिक प्रगाढ़ हुआ है।पूर्व विधायक बिहारीलाल विश्नोई ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले दस वर्षों में देश विकास के पथ पर आगे बढ़ा है। प्रदेश की जनता ने राजस्थान में भाजपा को बहुमत दिलाया है। अब डबल इंजन की सरकार प्रदेश में विकास के नए आयाम स्थापित कर रही है। उन्होंने कहा कि एक बार फिर भाजपा को प्रचंड बहुमत के साथ जिताएं, जिससे विकास का यह क्रम बरकरार रह सके। उन्होंने कहा कि 19 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव में कमल के निशान के आगे बटन दबाकर भाजपा को प्रचंड बहुमत दिलाएं। इस दौरान सरपंच प्रतिनिधि रामस्वरूप, बनवारीलाल, धनाराम जाखड़, आत्माराम,गोपीराम,सोहनराम,जयसुखराम,मनीसिंह, अमरसिंह,मनेराम शर्मा, पूनमचंद, भंवरलाल,जेठाराम गेदर, करणीसिंह, विक्रम सिंह सहित गांवों के मौजिज लोग, पार्टी पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष सहित अनेक जने मौजूद रहे।

# इन दिनों बालिकाएं व महिलाएं धूमधाम से गणगौर पूजन कर रही

■ संजीवनी टुडे

बीकानेर। धर्म नगरी बीकानेर में इन दिनों बालिकाएं व महिलाएं धूमधाम से गणगौर पूजन कर रही है। महिलाओं और बालिकाओं व बीकानेर की संस्कृति और परंपराओं को जीवंत रखने के उद्देश्य के साथ न्यूज़ पोर्टल आपणी हथाई और अंतराष्ट्रीय लोक कलाकार गोपाल बिस्सा द्वारा गणगौर पर्व के दौरान स्थानीय धरणीधर मैदान में लगातार तीसरे वर्ष ह्लखेलण दो गणगौर-2024? दो दिवसीय गणगौर महोत्सव का कल शानदार समापन हुआ। धरणीधर सरोवर में होने वाले इस आयोजन में देश का अग्रणी बैंक एसबीआई बैंक मुख्य सहयोगी हैं। 2 दिवसीय इस कार्यक्रम हों 8 अप्रैल सोमवार को महोत्सव के पहले दिन दातणीया कॉम्पिटिशन और गणगौर साज-सज्जा प्रतियोगिता आयोजित हुई। दातणीया प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार राधिका व्यास



द्वितीय लीना रँगा तृतीय पुरस्कार ईशु सोलंकी गणगौर साज प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार रामा छंगाणी, द्वितीय बबिता मारू और तृतीय प्रिया मुस्कान रँगा रहे। इसी क्रम में गणगौर वॉक में प्रथम स्थान पर गायत्री छंगाणी, द्वितीय स्थान पर चंदू गुप्ता और तृतीय स्थान पर उर्मिला मारू रहे। गणगौर ईशर वेशभूषा प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रजनी- माधुरी,भवानी- चंचल और सुमन सेवग रहे। इनके अलावा सात सांत्वना पुरस्कार भी दिए गए। गणगौर महोत्सव के पहले दिन गणगौर एक्ट में ज्योति दैया ने गणगौर का जीवंत स्वरूप पेश किया। गणगौर महोत्सव में बीकानेर की सबसे बड़ी गणगौर रामचंद्र आचार्य लेकर आए वही बीकानेर की सबसे छोटी महज 1 इंच की गणगौर राजेश जोशी लेकर आए।आयोजन की शुरुआत नगाड़ा वादन और शंख वादन से हुआ। नगाड़ा वादक शिव शर्मा और शंख वादक विकास शर्मा ने कार्यक्रम का शानदार आगाज किया।महोत्सव के दूसरे दिन 9 अप्रैल मंगलवार को गणगौर वॉक और गणगौर-ईशर वेशभूषा प्रतोयोगिता हुई।गणगौर वॉक प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रही वहीं दूसरे और तीसरी स्थान पर विजेता रही। सात सांत्वना पुरस्कार भी दिए गए। गणगौर-ईशर वेशभूषा प्रतियोगिता में पहले स्थान पर रही वहीं दूसरे और तीसरे स्थान पर रही।सात सांत्वना पुरस्कार भी दिए गए। गणगौर महोत्सव के समापन समारोह में मुख्य अतिथि महापौर सुशीला कंवर ने गणगौर वॉक कर प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाली महिलाओं और बालिकाओं का हौसला बढ़ाया साथ ही महापौर ने बीकानेर संस्कृति से जुड़े गणगौर पर्व की शुभकामनाएं दी। एसबीआई बैंक के एजीएम नीरज कुमार ने विजेताओं को पुरस्कृत किया और बीकानेर की संस्कृति से जुड़े इस भव्य आयोजन को देख अभिभूत नजर आए। भाजपा नेता राजकुमार किराडू ने प्रतियोगिताओं में विजेता रहने वाली प्रतिभागियों को बधाई दी साथ ही प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने वाले सभी प्रतिभागियों की हौसला अफजाई भी की। समापन समारोह में आनंद जोशी, मनीष सोनी, कन्हैया लाल भाटी, शिव शंकर बिस्सा,पंकज अग्रवाल व अरविंद आचार्य भी मौजूद रहे। प्रतियोगिताओं में निर्णायक की भूमिका निभाने वाले अनिकेत कच्छावा, ज्योति स्वामी, रुचिका बागड़ी, पिंकी जैन व योगेंद्र पुरोहित का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन ख्यातनाम मंच संचालक रोहित बोडा ने किया।

## यह रहे कार्यक्रम के सहयोगी

भारतीय स्टेट बैंक, रामलाल सूरज देवी रांका चैरिटेबल ट्रस्ट, शिव शक्ति साधना पीठ,आरती आचार्य, बीकाजी, कम्युनिटी वेलफ़ेयर सोसाइटी, सोनी एसोसिएट (मनीष सोनी), समाज सेवी राजेश चूरा, कमला देवी-मंगला देवी पुरोहित, पंकज अग्रवाल, नंदिनी ज्वेलर्स, ईश्वर आर्ट गैलरी, देवकिशन चांडक, मदन सोनी, डेंसिटी डेंटल क्लिनिक, रामजी मिठाई गंगा शहर, पुरोहित स्टूडियो, बेसिक कॉलेज, केशव ज्वेलर्स, पवन सुथार, सुशील थिरानी, धरणीधर मंदिर ट्रस्ट, मोहन सिंह वेलफ़ेयर सोसाइटी, श्रीजी रिसोर्ट, फिटनेस योगा स्टूडियो मुरली भुजिया वाला व रविकांत मारू।

सम्पादक की कलम से....

सम्पादकीय

# सांगानेर को सांगो बाबा जैपुर को हनुमान



शिला देवी मंदिर भारत के राजस्थान राज्य के जयपुर नगर में आमेर महल में स्थित एक मंदिर है। इसकी स्थापना यहां सवाई मानसिंह द्वितीय द्वारा की गयी थी।प्रथम स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के अनुसार शिला देवी जयपुर के कछवाहा राजपूत राजाओं की कुल देवी रही हैं।द्वितीय, इस मंदिर में लक्खी मेला लगता है जो काफी प्रसिद्ध है। इस मेले में नवरात्र में यहां भक्तों की भारी भीड़ माता के दर्शनों के लिए आती है। शिला देवी की मूर्ति के पास में भगवान गणेश और मीणाओं की कुलदेवी हिंगला की मूर्तियाँ भी स्थापित हैं। कहते हैं कि यहां पहले मीणाओं का राज हुआ करता था।

नवरात्रों में यहाँ दो मेले लगते हैं एवं देवी को प्रसन्न करने के लिए पशु बलि दी जाती है। तृतीय आमेर दुर्ग के महल में जलेब चैक है जिसके दक्षिणी भाग में शिला माता का ऐतिहासिक मंदिर स्थित है। ये शिला माता राजपरिवार की कुल देवी भी मानी जाती हैं। यह मंदिर जलेब चैक से दूसरे उच्च स्तर पर मौजूद है अतः यहां से कुछ सीढ़ियाँ चढ़ कर मंदिर तक पहुंचना होता है। ये शिला देवी मूलतः अम्बा माता का ही रूप हैं एवं कहा जाता है कि आमेर या आंबेर का नाम इन्हीं अम्बा माता के नाम पर ही अम्बेर पड़ा था जो कालान्तर में आम्बेर या आमेर हो गया। माता की प्रतिमा एक शिला पर उत्कीर्ण होने के कारण इसे शिला देवी कहा जाता है। वर्तमान में मंदिर सम्पूर्ण रूप से संगमरमर के पत्थरों द्वारा बना हुआ है, जो महाराज सवाई मानसिंह द्वितीय ने 1906 में करवाया था। मूल रूप में यह चूने का बना हुआ था। यहाँ प्रतिदिन भोग लगने के बाद ही मन्दिर के दरवाजे खुलते हैं जो परम्परा आज भी चली आ रही है।

तथा यहाँ विशेष रूप से गुजियाँ व नारियल का प्रसाद चढ़ाया जाता है। इस मूर्ति के ऊपरी भाग में बाएं से दाएं तक अपने वाहनों पर आरूढ़ भगवान गणेश, ब्रह्मा, शिव, विष्णु एवं कार्तिकेय की सुन्दर छोटे आकार की मूर्तियां बनी हैं। शिलादेवी की दाहिनी भुजाओं में खड्ग, चक्र, त्रिशूल, तीर तथा बाईं भुजाओं में ढाल, अभयमुद्रा, मुण्ड और धनुष उत्कीर्ण हैं। बताया जाता है कि पहले यहां माता की मूर्ति पूर्व की ओर मुख किये हुए थी। जयपुर शहर की स्थापना किए जाने पर इसके निर्माण में कार्यों में अनेक विघ्न उत्पन्न होने लगे। तब राजा जयसिंह ने कई बड़े पण्डितों से विचार विमर्श कर उनकी सलाह अनुसार मूर्ति को उत्तराभिमुख प्रतिष्ठित करवा दिया, जिससे जयपुर के निर्माण में कोई अन्य विघ्न उपस्थित न हो क्योंकि मूर्ति की दृष्टि तिरछी पढ़ रही थी। तब इस मूर्ति को वर्तमान गर्भगृह में प्रतिष्ठित करवाया गया है जो उत्तराभिमुखी है। यह मूर्ति काले पत्थर की बनी है और एक शिलाखण्ड पर बनी हुई है। शिला देवी की यह मूर्ति महिषासुर मर्दिनी के रूप में बनी हुई है। सदैव वस्त्रों और लाल गुलाब के फूलों से ढंकी मूर्ति का केवल मुहँ व हाथ ही दिखाई देते है। मूर्ति में देवी महिषासुर को एक पैर से दबाकर दाहिनें हाथ के त्रिशूल से मार रही है। इसलिए देवी की गर्दन दाहिनी ओर झुकी हुई है। यह मूर्ति चमत्कारी मानी जाती है। शिला देवी की बायीं ओर कछवाहा राजाओं की कुलदेवी अष्टधातु की हिंगलाज माता की मूर्ति भी बनी हुई है। मान्यता अनुसार हिंगलाज माता की मूर्ति पहले राज कर रहे मीणाओं द्वारा बलूचिस्तान के हिंगलाज भवानी शक्तिपीठ मन्दिर से लायी गई है।बताया जा रहा है कि मंदिर के प्रवेशद्वार पर चाँदी का पत्र मढ़ा हुआ है जिस दस महाविद्याओं, नवदुर्गा की आकृतियाँ अंकित हैं। मन्दिर का मुख्य द्वार चांदी का बना हुआ है और उस पर नवदुर्गा, शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चन्द्रघण्टा, कूष्माण्डा, स्कन्दमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी एवं सिद्धिदात्री की प्रतिमाएँ उकेरी हुई हैं। दस महाविद्याओं के रूप में यहां काली, तारा, षोडशी, भुवनेश्वरी, छिन्नमस्ता, त्रिपुरभैरवी, धूमावती, बगलामुखी, श्रीमातंगी और कमला देवी को दर्शाया गया है। द्वार के ऊपर लाल पत्थर की भगवान गणेश की मूर्ति प्रतिष्ठित है। मुख्यद्वार के सामने झरोखे है जिसके अंदर चांदी का नगाड़ा रखा हुआ है। यह नगाड़ा प्रातः एवं सायंकाल आरती के समय बजाया जाता है। मन्दिर की तरफ प्रवेश करते ही दाईं ओर कलाकार धींरेन्द्र घोष द्वारा महाकाली और महालक्ष्मी की सुन्दर चित्रकारी की हुई है। मंदिर के कुछ भाग एवं स्तम्भों में बंगाली वास्तु शैली दिखाई देती है।आज के इस देवी मंदिर धार्मिक इमारतों की प्राचीन वस्तुशिल्प शैली दिखाई देती है। यहां स्थापित शिला माता की प्रतिमा का चेहरा कुछ टेढा है। इस मंदिर में वर्ष 1980 तक तक पशु बलि का प्रावधान था, किन्तु आधुनिक समाज के, विशेषकर जैन धर्मावलंबियों के विरोध होने के कारण यह बंद कर दी गई। आने वाले भक्तों के लिए दर्शन की विशेष सुविधा का प्रबन्ध किया जाता है। मन्दिर की सुरक्षा का सारा प्रबन्ध पुलिस अधिकारियों द्वारा किया जाता है।

## आज का राशिफल

यह राशिफल जन्म राशि पर आधारित है। व्यक्ति के जन्म के समय चंद्रमा जिस राशि पर थे, वही उसकी जन्म राशि होती है। यदि राशि की जानकारी आपको नहीं है तो अपने नामाक्षर से राशिफल देखें।




**मेष (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ) :** आज भाग्य से कोई नया प्रस्ताव मिल सकता है। सरकारी काम आसानी से बन जाएंगे। अधिकारी सहयोग करेंगे। किसी चैरिटी आदि में धन खर्च करेंगे। मित्रों के साथ पार्टी में जा सकते हैं।

**वृषभ (ई,उ,ए,ओ,वा,वी,वू,वे,वो) :** सुख-सुविधाओं पर खर्च होगा। व्यक्तिगत मामलों में गलतफहमी को जन्म देने वाली कोई बात हो सकती है। परिवार के साथ पार्टी में जा सकते हैं। कोई नया प्रस्ताव यदि आज मिलता है।

**मिथुन (क,की,कू,घ,ङ, छ, के,को, ह) :** कार्यों को मन लगाकर पूरा करेंगे। आपकी बढ़ते प्रभाव से कुछ लोगों को परेशानी हो सकती है। आज की गई मेहनत का पूरा फल नहीं मिलेगा। व्यक्तिगत मामलों को सावधानी से हल करें।

**कर्क (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो) :** किसी योजना का क्रियान्वयन हो जाएगा। अधूरे काम भी किसी न किसी सहयोग से आज पूरे हो जाएंगे। धैर्यपूर्वक निर्णय लेने पड़ेंगे। भाग-दौड़ बनी रहेगी, परंतु यात्रा करना आज ठीक नहीं रहेगा।

**सिंह (मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे) :** परिवार के बड़े सदस्यों की आज्ञा मान कर चलेंगे तो फायदे में रहेंगे। लाभ के एक से अधिक अवसर सामने होंगे। चाहा गया सहयोग नहीं मिलने से काम खुद ही पूरे करने पड़ेंगे। बड़े भाई से लाभ होगा।

**कन्या (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो) :** आज घर और बाहर दोनों जगह आपके काम की सराहना होगी। काम के घंटे बढ़ जाएंगे अतः पिछले छूटे कामों को पहले पूरा कर लें। अधिकारी वर्ग प्रसन्न रहेगा। विद्यार्थी वर्ग लाभ में रहेगा।

**तुला (रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते) :** आज काम बनने में थोड़ी असुविधा हो सकती है। विरोधियों से सावधान रहना होगा। प्रोपर्टी के खरीदने या बेचने से संबंधी बात हो सकती है। पुराने मित्रों से मुलाकात होने की संभावना है।

**वृश्चिक (तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू) :** व्यावसायिक कार्यों का विस्तार करने के लिए अतिरिक्त परिश्रम करना पड़ेगा। सहयोग मिल जाने से थोड़ी आसानी हो जाएगी। व्यक्तिगत संबंधों में सौहार्द्र की भावना बढ़ने से मन प्रसन्न होगा।

**धनु (ये, यो, भ, भी, भू, धा, फा, ढा, भे) :** आज का दिन महत्वपूर्ण काम करने के लिए नहीं है। निजी समस्याओं को अपने ऊपर हावी न होने दें। परिवार के साथ समय बिताना आवश्यक है, चाहें तो कहीं आउटिंग के लिए जा सकते हैं।

**मकर (भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, ग, गी) :** आज स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा, परंतु काम फिर भी आसानी से बन जाएंगे। लाभ की कोई नई योजना बनाकर उस पर अमल करेंगे। मित्र विशेष सहयोगी बनकर सामने आएंगे।

**कुंभ (गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा) :** आज घर की बुजुर्ग स्त्री की सलाह काम आएगी, महत्वपूर्ण निर्णय लेते समय उसको नजरअंदाज ना करें। यात्रा करना हित में नहीं रहेगा, बहुत जरूरी हो तो पहले मंदिर जाएं फिर यात्रा करें।

**मीन (दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची) :** आज योग्यता दिखाने का उचित अवसर मिलेगा। लाभ देने वाली छोटी यात्रा की संभावना है। बडी प्रतिस्पर्धा में भी विजयी होंगे। वाहन धीमी गति में चलाएं, अन्य कामों में भी जल्दबाजी ना करें।

# ज्योतिबा का संवाद संदेश एवं कर्म दीपशिखा बने



‘मनुष्य जाति एक है’ इस आदर्श को आचरण तक लाने एवं अस्पृश्यता के संस्कारों को स्वस्थता देने में जिन महापुरुषों ने अनूठे उपक्रम किये, उनमें महात्मा ज्योतिबा फूले का अविस्मरणीय योगदान है। वे 19वीं सदी के महान समाज सुधारक, विचारक, दार्शनिक और लेखक थे। उन्होंने भारतीय समाज में फैली अनेक कुरीतियों को दूर कर हिंदू समाज में समरसता लाने का प्रयास किया। उनके द्वारा किए गए कार्यों से भारतवर्ष में एक नई चेतना एवं नये विश्वास का विकास हुआ और समाज के उस तबके को जीने की नई राह मिली जो अभी तक दुनिया के विकास की रोशनी से वंचित था। वंचितो, शोषितों और समाज में हाशिए पड़े हुए लोगों के उत्थान के लिए उन्होंने कई कल्याणकारी कार्य किए और समाज में अलग-थलग रह रहे लोगों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य किया। वे सशक्त, संतुलित, जातिवाद एवं रूढ़ि-आडम्बरमुक्त भारत निर्माण के पुरोधा थे। उनकी मानवीय संवदेनाओं ने केवल दलितों, वंचितों एवं अभावग्रस्तों को ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण मानवता को करुणा से भिगोया था।

महात्मा ज्योतिबा फूले ने एक बार जो संकल्प कर लिया और विश्वास के साथ हाथ में साहसी मशाल थाम ली तो फिर उनके कदम कभी, कहीं रूके नहीं। चलते चले, चलते चले। संघर्षों के तूफान भी उठें तो अपनी आदर्श समाज निर्माण की किश्ती को स्वयं के विवेक, साहस एवं आत्म विश्वास से किनारा दिया, क्योंकि रास्ते बनते नहीं, बनाये जाते हैं। उनके भीतर दीपक पर मर मिटने वाले पतंगों जैसी गहरी समर्पण निष्ठा थी। आपने अपने साध्य को सदा शुद्ध साधन से जोड़े रखा। इसीलिये सत्ता और पद का मद आपको छू न सका। यश और प्रतिष्ठा आपको गर्वित नहीं सकी। आलोचना एवं संघर्ष आपके कद को छोटा नहीं कर सका। उन्होंने सबको ऊंची उड़ान भरने के लिये खुला आसमां दिया, वे बुराइयों के विरूद्ध संघर्ष काते रहे, आदमी को सही मायने में आदमी बनाने एवं उसके अधिकारों को उचित जगह दिलाने के लिये। उनका सम्पूर्ण जीवन सुधारवादी समाज-निर्माण के कार्यों एवं उपक्रमों की प्रयोगशाला था। इसलिये आपका अखण्ड व्यक्तित्व नमनीय बन गया।

महात्मा ज्योतिबा फूले का जन्मे 11 अप्रैल 1824 को पुणे में हुआ था, उनकी माता का नाम चिमणाबाई तथा पिता का नाम गोविंदराव था। एक वर्ष की अवस्था में इनकी माता का निधन हो गया। इनका लालन-पालन एक बाईं ने किया था। इन्हें महात्मा फुले, ज्योतिराव फुले और ज्योतिबा फुले के नाम से जाना जाता है। उनका परिवार कई पीढ़ी पहले सतारा से पुणे आकर फूलों के गजरे आदि बनाने का काम करने लगा था इसलिए माली के काम में लगे ये लोग ‘फुले’ के नाम से जाने जाते थे। ज्योतिबा ने प्रारंभ में मराठी में अध्ययन किया, बीच में पढाई छूट गई और बाद में 21 वर्ष की उम्र में अंग्रेजी की सातवीं कक्षा की पढाई पूरी की। इनका विवाह 1840 में सावित्री बाई से हुआ, जो बाद में स्वयं एक प्रसिद्ध समाजसेवी बनीं। दलित और स्त्री शिक्षा के क्षेत्र में पति-पत्नी दोनों ने मिलकर काम किया। वे एक कर्मठ और समाजसेवी की भावना रखने वाले व्यक्ति थे। फुले समाज के सभी वर्गों को शिक्षा प्रदान करने के प्रबल समर्थक थे। वे भारतीय समाज में प्रचलित जाति पर आधारित विभाजन और भेदभाव के हमेशा विरुद्ध थे। वे कहा करते थे कि परमेश्वर एक है और सभी मानव उसकी संतान हैं।’ सितंबर 1873 में जोतिबा फुले ने महाराष्ट्र में अछूतोद्धार सत्यशोधक समाज नामक संस्था का गठन किया था। इसके प्रमुख गोविंद रानाडे और आरजी भंडारकर थे। उनकी उल्लेखनीय समाजसेवाओं एवं संतुलित समाज निर्माण के कार्यों को देखकर 1888 ई. में मुंबई की एक विशाल सभा में उन्हें ‘महात्मा’ की उपाधि दी।

महात्मा ज्योतिबा फूले महिलाओं के उत्थान एवं उन्नयन के लिए मसीहा बन कर सामने आये। उनके जीवन का मुख्य उद्देश्य औरतों को शिक्षा का अधिकार प्रदान करना और बाल विवाह, विधवा विवाह का विरोध करना रहा है। वे कुप्रथा, अंधश्रद्धा एवं आडम्बरों की जाल से समाज को मुक्त करना चाहते थे। यह वह समय था जब स्त्रियों को शिक्षा नहीं दी जाती थी और ऐसे समय में उन्होंने महिला-पुरुष भेदभाव मुक्त समाज की सरंचना की। उन्होंने बालिकाओं के लिए भारत देश की पहली पाठशाला पुणे में बनाई। लड़कियों और दलितों के लिए पहली पाठशाला खोलने का श्रेय ज्योतिबा को दिया जाता है। स्त्रियों की तत्कालीन दयनीय स्थिति से महात्मा फुले बहुत व्याकुल और दुखी थे इसीलिए उन्होंने दृढ़ निश्चय किया कि वे समाज में क्रांतिकारी बदलाव लाकर ही रहेंगे। उन्होंने कहा भी है कि भारत में राष्ट्रीयता की भावना का विकास तब तक नहीं होगा, जब तक खान-पान एवं वैवाहिक सम्बन्धों पर जातीय बंधन बने रहेंगे।’ उन्होंने अपनी धर्मपत्नी सावित्रीबाई फुले को खुद शिक्षा प्रदान की और सावित्रीबाई फुले भारत की प्रथम महिला अध्यापिका बनी।

देश से छुआछूत खत्म करने और समाज को संतुलित करने में महात्मा ज्योतिबा फूल ने अहम किरदार निभाया। उन्होंने ब्राह्मण-पुरोहित के बिना ही विवाह-संस्कार आरम्भ कराया और इसे मुंबई हाईकोर्ट से भी मान्यता मिली। धर्म, समाज और परम्पराओं के सत्य को सामने लाने के लिए अपने जीवन काल में उन्होंने कई पुस्तकें भी लिखीं, जिनमें प्रमुख हैं-गुलामगिरी, तृतीय रत्न, छत्रपति शिवाजी, राजा भोसला का पखड़ा, किसान का कोड़ा, अछूतों की कैफियत आदि। उनका खुद का जीवन एक सुधारवादी आन्दोलन था, मिशन था। अनेक प्रमुख सुधार आंदोलनों के अतिरिक्त हर क्षेत्र में छोटे-छोटे आंदोलन उन्होंने जारी किये थे जिसने सामाजिक और बौद्धिक स्तर पर लोगों को परतंत्रता से मुक्त किया था। लोगों में नए विचार, नए चिंतन की शुरुआत हुई, जो आजादी की लड़ाई में उनके संबल बने। उन्होंने किसानों और मजदूरों के हकों के लिए भी संगठित प्रयास किया था। उन्होंने समाज को बहुत कुछ दिया। आज उनका संवाद हमारे लिये संदेश बन गया है तो उनके कर्म संतुलित एवं आदर्श समाज निर्माण की दीपशिखा। देखना अब यह है कि हम उनकी स्मृति को सिर्फ स्मारक बनाकर पूजते रहेंगे या उनके जलाये दीयों से रोशनी लेकर दीप बनकर जलेंगे।

महात्मा ज्योतिबा और उनके संगठन के संघर्षों एवं लगातार प्रयासों के कारण सरकार ने ‘एग्रीकल्चर एक्ट’ पास किया। 1854 में उन्होंने उच्च वर्ग की विधवाओं के लिए एक विधवाघर भी बनवाया। उन्होंने जनविरोधी सरकारी कानून कायदे के खिलाफ भी संघर्ष किया। ज्योतिबा फुले और सावित्रिबाई को कोई संतान नहीं थी इसलिए उन्होंने एक विधवा के बच्चे को गोद लिया था,जो उनके समाजसेवा के काम को आगे बढ़ाने के लिए डॉक्टर बना। 1888 से उनका स्वास्थ्य ठीक नहीं रहता था। उनको लकवे का अटैक आया था। दो साल के बाद 28 नवम्बर 1890 को भारतीय समाज एवं जीवन को नई दिशा देने वाले इस महात्मा का निधन हो गया, लेकिन उनके द्वारा किए गए कार्य आज भी समाज में मिसाल बने हुए हैं और उनके बताए गए मार्ग पर चलकर ही समाज आज प्रगति कर रहा है।

### विचार बिन्दु

**महात्मा ज्योतिबा और उनके संगठन के संघर्षों एवं लगातार प्रयासों के कारण सरकार ने ‘एग्रीकल्चर एक्ट’ पास किया। 1854 में उन्होंने उच्च वर्ग की विधवाओं के लिए एक विधवाघर भी बनवाया। उन्होंने जनविरोधी सरकारी कानून कायदे के खिलाफ भी संघर्ष किया। ज्योतिबा फुले और सावित्रिबाई को कोई संतान नहीं थी इसलिए उन्होंने एक विधवा के बच्चे को गोद लिया था,जो उनके समाजसेवा के काम को आगे बढ़ाने के लिए डॉक्टर बना। 1888 से उनका स्वास्थ्य ठीक नहीं रहता था। उनको लकवे का अटैक आया था।**




ललित गर्ग

# कर्ज के बोझ तले दबे हैं तो नवरात्रि पर करें यह उपाय

नवरात्रि कर्ज में डूबे लोगों के लिए एक नैया के समान है। इन दिनों आप उत्तर दिशा पर विशेष ध्यान दें। कुबेर की दिशा मानी जाने वाली उत्तर दिशा को और अधिक प्रकाशमान करें। साथ ही वहां पर हरे-भरे पौधे लगाएं व सुंगध का प्रयोग भी करें। पैसा भले ही सबकुछ नहीं है। लेकिन इसके बिना भी व्यक्ति का जीवन सुचारू रूप से नहीं चल सकता। महंगाई के इस युग में व्यक्ति चाहे जितना कमाए, उसे हमेशा कम ही लगता है। इतना ही नहीं, कुछ लोग तो कर्ज के बोझ तले दब जाते हैं और फिर दबते ही चले जाते हैं। अगर आपकी स्थिति भी ऐसी ही है तो इस नवरात्रि कुछ उपाय अपनाकर आप खुद को कर्जमुक्त कर सकते हैं। आखिरकार मैया तो सबके दुखों का निवारण करती है।

### उत्तर दिशा पर दें ध्यान

नवरात्रि कर्ज में डूबे लोगों के लिए एक नैया के समान है। इन दिनों आप उत्तर दिशा पर विशेष ध्यान दें। कुबेर की दिशा मानी जाने वाली उत्तर दिशा को और अधिक प्रकाशमान करें। साथ ही वहां पर हरे-भरे पौधे लगाएं व सुंगध का प्रयोग भी करें। इतना ही नहीं, उत्तर दिशा को और अधिक प्रभावशाली बनाने व खुद को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के



लिए उत्तर दिशा में एक पानी का घट स्थापना करें। इसके अतिरिक्त घर में मौजूद पैसों की अलमारी दक्षिण दिशा में कुछ इस कदर व्यस्थित होनी चाहिए कि वह उत्तर दिशा में खुले।

### कर्ज के कागजात

अगर आपके पास ऐसे कुछ कागजात हैं, जिसमें आपके लोन या कर्ज की डिटेल हैं तो उन्हें उत्तर पश्चिम यानी वायव्य दिशा में रखें। अगर आप इन फाइलों को अलमारी में रख रहे हैं तो ख्याल रखे कि वह अलमारी पूर्व दिशा में खुलती हो।

### इसका रखें ध्यान

अगर आपके उपर लगातार कर्ज चढ़ रहा है तो इसके पीछे का एक कारण यह है कि आपने उत्तर दिशा पर ध्यान न दिया हो। हो सकता है कि उस दिशा में झाडू, कूड़ा, पुराना इकट्ठा सामान, जूते-चप्पल सूखे पौधे रखे हों। इसलिए यह जरूरी है कि आप न सिर्फ नवरात्रि में बल्कि अन्य दिनों में भी उत्तर दिशा को साफ-सुथरा रखें। इसके अतिरिक्त डाइंग रूम या लॉबी में उत्तर दिशा की दीवार पर लाल कलर का प्रयोग न करें, बल्कि इसके स्थान पर ब्लू, येलो या व्हाइट कलर का इस्तेमाल करें व बहते पानी का चित्र जैसे फाउंटेन आदि को जरूर लगाएं। अगर हो सके तो कुबेर यंत्र को उत्तर दिशा में स्थापित करें, इससे आपको कर्ज मुक्ति में सहायता मिलेगी।

### जहां रखें धन

घर पर आप जहां अपना धन, बैंक के पेपर या अन्य कीमती सामान रखते हैं, वहां पर एक छोटा सा चांदी या सोने का सिक्का अवश्य रखें। इसके अतिरिक्त अपनी तजोरी को कभी भी खाली न रखें। उसमें कुछ न कुछ धन अवश्य रखें।




## 11 अप्रेल की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

| | |
|---|---|
| 1999 | फिलीपींस की सरकार द्वारा ‘एक स्कूल गोद लो‘ की अनोखी घोषणा। |
| 2002 | चीन में मैच (फ़ुटबाल) फ़िक्सिंग के आरोप में रेफ़री गिरफ़्तार। |
| 2003 | पाकिस्तान ने 12वीं बार शारजाह कप जीता। |
| 2004 | इस्लामाबाद में भारत के प्रख्यात गायक कलाकार सोनू निगम के कार्यक्रम स्थल के पास एक कार में बम विस्फोट। |
| 2008 | सरकारी कर्मचारियों द्वारा विरोध को देखते हुए केन्द्र सरकार ने छठे वेतन आयोग की समीक्षा के लिए सचिवों की एक उच्चस्तरीय समिति गठित करने की घोषणा की। |
| | स्वीडन में वैज्ञानिकों ने आठ हज़ार वर्ष पुराने वृक्ष की खोज की। |

जन्मे व्यक्ति

| | |
|---|---|
| 1827 | ज्योतिबा फुले- भारत के महा-विचारक, समाज सेवी तथा क्रान्तिकारी। |
| 1869 | कस्तूरबा गाँधी - महात्मा गाँधी जी की पत्नी। |
| 1887 | जामिनी रॉय - भारत के प्रसिद्ध चित्रकार। |
| 1904 | कुन्दन लाल सहगल भारतीय गायक और अभिनेता |
| 1937 | रामानाथन कृष्णन - भारत के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से है। |
| 1946 | नवीन निश्चल - भारतीय फ़िल्म अभिनेता थे। |

निधन

| | |
|---|---|
| 1977 | फणीश्वरनाथ रेणु, साहित्यकार |

# पायलेट और वसुंधरा की अपनी पार्टियों को सियासी चुनौती

### विचार बिन्दु



बाल मुकुन्द ओझा

**माकन जब मामले को सुलझाने में असहाय साबित होने लगे तो पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने दखल किया, लेकिन वे भी अब तक कुछ खास नहीं कर पाए।**

राजस्थान की सियासत में धड़ेबंदी का खेल कोई नया नहीं है। आजादी के बाद से ही कांग्रेस में दो धड़े नजर आते थे। कुम्भाराम आर्य और दौलत राम सारण की सुखाड़िया से कभी नहीं पट्टी। हरिदेव जोशी और शिवचरण माथुर ने भी एक दूसरे को पटकनी देने में गुरेज नहीं किया। बाद में गहलोत का मदेरणा के साथ नवल किशोर शर्मा से हुआ दंगल सब ने देखा। यही परिपाटी अब गहलोत और सचिन में चली आ रही है। भाजपा में हालाँकि भैंरोसिंह शेखावत की पहले सतीश अग्रवाल और फिर चतुर्वेदी और भाभड़ा से अदावत किसी से छुपी नहीं थी। अब वसुंधरा और पूनिया खेमा अलग अलग राह पर चल रहा है।

अपनी ही पार्टी में रहकर उसकी जड़ खोदने की परम्परा नयी नहीं है। भाजपा और कांग्रेस दोनों सियासी पार्टियां आज भी अपनी परिपाटी निभाती चली आ रही है। दोनों ही पार्टियों में एक दूसरे को पटकनी देने नायब खेल चल रहा है। राजस्थान में अपनी अपनी पार्टी से नाराज चल रहे नेताओं के सब्र का बांध अब टूटने लगा है। दोनों खेमों ने शक्ति प्रदर्शन की खुलेआम तैयारियां शुरू करदी है। कांग्रेस में पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलेट और भाजपा में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के समर्थकों की बड़ी तादाद है। दोनों ही धरती से जुड़े नेता है। सचिन किसान आंदोलन को अपनी नाराजगी का माध्यम बनाया है तो वसुंधरा समर्थक अपनी नेता के जन्मदिवस पर शक्ति प्रदर्शन दिखना चाहते है। सचिन पर प्रदेश में गहलोत सरकार गिराने का आरोप लग चुका है। सरकार गिराने के लिए समर्थक विधायकों की पूरी संख्या नहीं होने के कारण ऐसा नहीं हो सका। वहीँ वसुंधरा की नाराजगी जग जाहिर है। प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष पद पर सतीश पूनिया की ताजपोशी से वसुंधरा काफी नाराज बताई जा रही है। एकओर नाराजगी की वजह घनश्याम तिवाड़ी की भाजपा में वापसी बताई जा रही है। हासिये पर चल रही वसुंधरा को हालाँकि भाजपा में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष का दर्ज़ा प्राप्त है मगर वह भाजपा सियासत में सक्रीय भूमिका नहीं निभा रही है। पूनिया ने पंचायत और नगर निकाय चुनाव में भाजपा की लुटिया नहीं डूबने दी। आधी से अधिक जिला परिषदों पर कब्जा कर पूनिया ने अपनी ताकत दिखाई। नगर निकाय चुनाव भी भाजपा ने पूनिया के नेतृत्व में पूरी दमखम से लड़ा।


कांग्रेस में गहलोत - सचिन का आपसी विवाद अभी थमा नहीं है। अहमद पटेल की मृत्यु के बाद अब विवाद के खत्म होने की आशा नहीं है। गहलोत किसी भी स्थिति में सचिन को पावर देने के सख्त खिलाफ है। वे ऊपर से भले ही कितना ही दिखावा करे मगर आस्तीन में सांप पालना नहीं चाहते। कांग्रेस प्रभारी अजय माकन भी इस स्थिति से भलीभांति परिचित है। वे चाहकर कुछ करने की हालत में नहीं है।

दोनों खेमों के बीच चल रहे सियासी संघर्ष में माकन की बिल्कुल नहीं चल पा रही है। माकन ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के साथ मिलकर मंत्रियों, राजनीतिक नियुक्तियों और जिला अध्यक्षों की सूची तैयार की थी, लेकिन इस सूची को गहलोत व पायलट दोनों ने ही मानने से इनकार कर दिया। दोनों ने एक-दूसरे द्वारा सुझाए गए नामों पर सहमति नहीं दी। अधिकांश विधायकों ने मंत्री बनने की इच्छा जताई है। कुछ विधायकों ने राजनीतिक नियुक्ति के माध्यम से सरकार में दखल रखने को लेकर अपनी बात आलाकमान तक पहुंचाई है। गहलोत व पायलट की सियासी जंग और विधायकों की इच्छा के चलते आलाकमान सत्ता व संगठन दोनों को लेकर कोई निर्णय नहीं कर पा रहा है।

माकन जब मामले को सुलझाने में असहाय साबित होने लगे तो पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने दखल किया, लेकिन वे भी अब तक कुछ खास नहीं कर पाए। राहुल गाँधी और प्रियंका भी कुछ नहीं कर पा रहे है इससे कांग्रेस में निराशा का माहौल है। दूसरी तरफ समूची स्थिति भांपकर सचिन ने किसान आंदोलन का डंका बजा कर अपना असंतोष जाता दिया है। बताते है अब गेंद आलाकमान के पाले में है। भाजपा में भी सब कुछ सहज नहीं चल रहा है। हाल ही वसुंधरा राजे ने गृह मंत्री अमित शाह सहित अनेक भाजपा नेताओं से मुलाकात कर अपनी कथा - व्यथा से अवगत करा दिया है। यदि शीघ्र मामला नहीं सुलझा तो भाजपा में दबी चिनगारी कभी भी सुलग सकती है।

# किडनी और लिवर के लिए घातक है हीट स्ट्रोक

**गर्मियों में काफी लोग हीट स्ट्रोक के शिकार हो जाते हैं। हीट स्ट्रोक एक गंभीर मामला है। इस स्थिति से पूरी तरह बचना संभव है, लेकिन हीट स्ट्रोक में जरा-सी लापरवाही मौत को न्योता दे सकती है। सबसे पहले समझते हैं कि हीट स्ट्रोक है क्या। कैसे ये शरीर के महत्वपूर्ण अंगों को प्रभावित करता है और किन तरीकों से इससे बचा जा सकता है।**





## दिल, किडनी और लिवर ख़तरे में

तेज गर्मी से शरीर की मेटाबॉलिक एक्टिविटी यानी पेट से जुड़े अंगों के काम करने की क्षमता एकदम से बढ़ जाती है। इससे आमतौर पर ब्लड प्रेशर कम हो जाता है और तुरंत ही दिल पर इसका असर पड़ने लगता है, क्योंकि ऑक्सीजन का लेवल तेजी से कम होने लगता है। मेटाबॉलिज़्म बिगड़ने से शरीर में बेकार की चीजें को निकलने का मौका नहीं मिलता, जिससे किडनी और लिवर डैमेज होने लगते हैं। ऐसी स्थिति में पेशेंट को आईसीयू में इलाज की जरूरत पड़ जाती है। यूरिन रुक जाने की हालात में किडनी तक फेल होने की संभावना बनी रहती है।

## जल्दी लक्षण समझें

शरीर का तापमान तेजी से बढ़ना, बहुत ज्यादा गर्मी लगना, सिरदर्द, थकान, पसीना न निकलना, चिड़चिड़ापन, चक्कर आना, जी मिचलाना, सांसों का तेजी से बढ़ना और घटना आदि हीट स्ट्रोक के शुरुआती लक्षण होते हैं।


कई बार एकाएक बेहोशी या दौरे जैसे हालात भी बन जाते हैं। हीट स्ट्रोक में पहला घंटा सबसे अहम होता है। इसके बाद जान को खतरा बढ़ता ही चला जाता है।

## मरीज़ की ऐसे कर सकते हैं मदद

कोई गर्मी के कारण बेहोश होता दिखे, तो उसे तुरंत पानी या इलेक्ट्रोलाइट्स का घोल पिलाएं। बेहोश हो गया हो, तो तुरंत उसके सिर, हाथ, बगलों और तलवों पर ठंडे पानी में भिगोया कपड़ा रखें।


उसे छांव में ले जाएं। हो सके तो बर्फ के पानी की पट्टियां रखें। ये सारे फर्स्ट एड हैं, इसलिए अस्पताल ले जाने में जरा भी देर न करें। मौसम कोई भी हो, थोड़ी-थोड़ी देर में पानी पिलाते रहें। लंबे समय तक धूप में काम करने वालों को चाहिए कि बीच-बीच में किसी ठंडी जगह पर जाकर दो मिनट शरीर को आराम देते रहें।

## दो तरह से होता है प्रभाव



हीट स्ट्रोक उन लोगों को जल्दी प्रभावित करता है, जो बिना किसी सुरक्षा उपाय के धूप में या बहुत ही गर्मी में लंबे समय तक रहते हैं। इनमें जिम में एक्सरसाइज करने वाले लोग भी शामिल हैं। सड़क पर काम करने वाले और किसी भट्ठी पर काम करने वाले मज़दूरों को हीट स्ट्रोक का खतरा सबसे ज्यादा होता है। एक दूसरी तरह के हीट स्ट्रोक का अटैक अमूमन उन लोगों पर होता है, जिनका शरीर बदलते तापमान के हिसाब से जल्दी एडजस्ट नहीं होता। इसमें छोटे बच्चे, बुजुर्ग और वे लोग शामिल हैं, जो किसी लंबी बीमारी से जूझ रहे होते हैं।


# हैप्पी ओल्ड एज के स्मार्ट टिप्स



'जियो और जीने दो' के सिध्दांत को स्थापित रखने का प्रयास करें। जीवन के हर क्षण के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण रखें। स्वास्थ्य के प्रति पूर्ण सतर्क रहें। आवश्यक चैकअप समय-समय पर कराते रहें। जहां तक संभव हो प्रौढ़ावस्था में ही अपनी वृध्दावस्था की तैयारी आरंभ कर दें। अपना बैंक-बैलेंस और आभूषणों को भविष्य में आने वाले समय के लिए सुरक्षित रखें। अपना सब कुछ बांटने और देने की भूल, भूलकर भी न करें। व्यस्त और सक्रिय रहने का प्रयास करें। इसके लिए नियमित रूप से समय के साथ स्वयं में भी बदलाव लाने का प्रयास करें। संतुलित और पौष्टिक भोजन का सेवन करें। आपका स्वभाव जितना अच्छा होगा, उतना ही आपका बुढ़ापा अच्छा कटेगा। इस बात का विशेष ध्यान रखें। युवा पीढ़ी से ही नहीं, बल्कि किसी अन्य से भी अधिक उम्मीदें कभी न रखें। नौकरी से अवकाश के उपरांत घर पर व्यर्थ न बैठें और न ही आत्मकेन्द्रित बनें, बल्कि समाज व सामाजिक कार्यों के प्रति अपना सक्रिय योगदान दें। आज की आधुनिक जीवनशैली में बहुत आवश्यक है आपका समय के साथ चलना, इसलिए समय के साथ-साथ स्वयं में भी बदलाव लाने का प्रयास करें। दूसरे के काम आने का प्रयास करें, इससे आपको भी आत्मसंतुष्टि मिलेगी और दूसरे भी आपसे खुश रहेंगे। इस अवस्था में आप अपनी रुचि व इच्छा के वे सभी कार्य करें, जो आप अपने घर-परिवार की जिम्मेदारियों को निभाते हुए न कर सके थे। नकारात्मक विचारों को मन में स्थान न दें। सकारात्मक सोच के साथ जीवन के हर सुख-दु:ख को जीने का प्रयास करें। स्वयं में आत्मबल का विकास करें। हर विपरीत परिस्थिति में अपना संयम न खोयें, बल्कि धैर्य और शान्ति से बुरे समय के निकल जाने का इन्तजार करें।

# न्यूरोपैथिक दर्द से पाएं राहत

**न्यूरोपैथिक पेन एक जटिल और लंबे वक्त तक चलने वाला दर्द है। यह दर्द क्षतिग्रस्त व ठीक तरह से काम न करने वाले या चोटिल स्नायु (नर्व) फाइबर्स के कारण पैदा होता है।**



## उपचार

न्यूरोपैथिक दर्द के कारण को चिन्हित करते हुए चिकित्सा करना। डीकम्प्रेशन मिनिमल इन्वेसिव सर्जरी के जरिये तंत्रिका पर पड़ रहे दबाव को हटाना। रीढ़ या आसपास के भाग में नर्व ब्लाक इंजेक्शन- के जरिये चिकित्सा करना।

## लक्षण

सुइयां जैसी चुभना, जलन होना, त्वचा का सुन्न पड़ जाना और तेज दर्द होना इस रोग के लक्षण हैं। इसके अलावा बिजली के करेंट जैसा झटके के साथ दर्द होना और चींटियां जैसा काटने का अनुभव होना न्यूरोपैथिक दर्द के लक्षण हैं।

## कारण

न्यूरोपैथिक दर्द के कुछ सामान्य कारणों में शराब का अत्यधिक सेवन, डाइबिटीज होना, एचआईवी संक्रमण, रीढ़ की हड्डी के ऑपरेशन और पैर व कमर संबंधी समस्या को शामिल किया जाता है।

## डायग्नोसिस

न्यूरोपैथिक दर्द का पता लगाने के लिए डॉक्टर शारीरिक जांच करते हैं। आपके स्नायुओं (नर्व्स) को नुकसान पहुंचा है या नहीं, यह पता लगाने का सबसे सामान्य तरीका है- इलेक्ट्रोमायोग्राम के साथ नर्व कंडक्शन स्टडी। सियोमीटर जांच।

## गलत धारणाएं और तथ्य

केवल डाइबिटीज से ग्रस्त व्यक्तियों को ही न्यूरोपैथिक दर्द होता है।

इस तरह की धारणा गलत है। सच तो यह है कि डाइबिटीज से ग्रस्त व्यक्तियों में न्यूरोपैथिक समस्या सामान्य रूप से पायी जाती है, लेकिन कीमोथेरेपी लेने वाले, किसी तरह की चोट या बीमारी से ग्रस्त व्यक्तियों, ऐसे व्यक्ति जिनका कोई अंग-भंग हो गया हो, उन्हें भी न्यूरोपैथिक दर्द हो सकता है। बढ़ती उम्र के साथ भी न्यूरोपैथिक दर्द हो सकता है।

## रोकथाम

तंत्रिकाओं (नर्व्स) का दर्द कम करने के लिए डाइबिटीज पर नियंत्रण रखें। नशे से दूर रहें और व्यायाम करें।

व्यायाम से पैरों और पंजों के स्नायुओं में रक्त संचार ठीक तरह से होता है।

**व्यायाम**- उंगलियों और हाथों को गोल-गोल घुमाएं, पूरे शरीर की मांसपेशियों को स्ट्रेच करें।

**खान- पान:** में साबुत अनाज, विटामिन सी युक्त फल और हरी पत्तेदार सब्जियां, टमाटर और पौधों से प्राप्त वसा का सेवन लाभकारी है।

# क्यों उठ रहा है दिमाग में

**बीते दिनों नेपाल और भारत में आए भूकंप के बाद तमाम लोग डॉक्टरों और मनोरोग विशेषज्ञों के पास गए। इनमें से ज्यादातर लोगों की प्रमुख शिकायत थी कि भूकंप के गुजर जाने के बाद वे बेचैनी महसूस कर रहे हैं...। किसी का कहना था कि उन्हें ढंग से नींद नहीं आ रही है कि पता नहीं कब भूकंप के झटके महसूस होने लगे। किसी-किसी का कहना था कि उन्हें अभी भी कभी-कभी यह महसूस होता है कि जमीन हिल रही है...आदि।**



## पोस्ट ट्रामेटिक स्ट्रेस डिसऑर्डर

इस संदर्भ में नई दिल्ली के वरिष्ठ मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. अचल भगत कहते हैं कि मेरे पास उपर्युक्त समस्याओं के बाबत लोग आए। असल में दो तरह के लोग होते हैं, एक तो वे जिन्हें भूकंप के दौरान जान-माल की क्षति हुई। ऐसे लोग एक मनोरोग- पोस्ट ट्रामेटिक स्ट्रेस डिस्आर्डर- से ग्रस्त हो सकते हैं। ऐसे लोगों में घबराहट बहुत ज्यादा होती है। उनके दिमाग में पुरानी घटनाओं का फ्लैश बैक चलता रहता है।

## बचें कैटेस्ट्रॉफिक थिंकिंग- से

जिन लोगों का भूकंप से नुकसान नहीं हुआ है और वे तब भी आशंकाग्रस्त व अत्यधिक भयग्रस्त हैं, तो उनकी इस सोच को मनोचिकित्सकीय भाषा में कैटेस्ट्रॉफिक थिंकिंग (हादसे से संबंधित सोच) कहा जाता है। इस संदर्भ में नई दिल्ली के एक अन्य वरिष्ठ मनोचिकित्सक डॉ. गौरव गुप्ता कहते हैं कि भूकंप के बाद तमाम लोगों के मन में डर अपनी जड़ें जमा लेता हैं। धीरे-धीरे यह भय एंग्जाइटी (बेचैनी) में बदल जाता है।

## इलाज

कोई व्यक्ति भूकंप के गुजरने के बाद भी बेचैनी महसूस कर रहा है, तो वह मनोरोग विशेषज्ञ से काउंसलिंग व दवा ले। ध्यान दूसरी ओर आकर्षित करें। किसी हॉबी में मशगूल हों। मन को बहलाने का प्रयास करें। ईश्वर का ध्यान करें। इससे आपका मनोबल और आत्मविश्वास बढ़ता है, मन की बेचैनी कम होती है और आप इस सत्य को समझने लगते हैं कि भगवान की मर्जी के आगे किसी की नहीं चलती। इसलिए स्वयं को नकारात्मक सोच के दायरे में रखना अपना ही नुकसान करना है।

## मायोपिया से बचने के लिए टीवी कम देखें

बात जब मनोरंजन की हो, तो अपने बच्चे को स्क्रीन देखने से ज़्यादा आउटडोर खेलने के लिए प्रोत्साहित करें। यह मायोपिया से बचाव का की फैक्टर हो सकता है। अनुमान है कि भारत में हर तीन में से एक व्यक्ति मायोपिया का शिकार है और बच्चों में यह समस्या बढ़ रही है। एम्स के शोधकर्ताओं के अनुसार भारत में 12 साल की उम्र के आठ बच्चों में से एक को ब्लैकबोर्ड पढ़ने के लिए चश्मा लगता है। इस अध्ययन में दिल्ली के सरकारी और निजी स्कूलों के करीब 10 हज़ार छात्रों की समीक्षा की गई और पाया गया कि 11.6 साल की औसत उम्र के 13.1 फीसदी बच्चे निकट दृष्टि दोष के शिकार हैं। हालांकि अब तक सूरज की रोशनी और मायोपिया का संबंध स्थापित नहीं किया जा सका है लेकिन कई ताज़ा अध्ययनों की दलील है कि सूरज की रोशनी इस रोग से बचाव में मदद करती है। शोधकर्ता कहते हैं कि इस रोग के लिए जीन्स की भूमिका भी हो सकती है। यूरोप और एशिया के 45 हज़ार लोगों पर किये जा रहे एक बड़े अध्ययन में सामने आया है कि दृष्टि से 24 जीन्स का संबंध है जिनमें से 2 इस रोग के कारण से जुड़े हैं। जिन लोगों में ये जीन्स होते हैं उनमें मायोपिया होने की आशंका 10 गुना बढ़ जाती है। प्राइवेट स्कूलों में पढ़ रहे उन बच्चों में मायोपिया के मामले ज़्यादा देखे गये, जिनके अभिभावक या भाई-बहन इस रोग से ग्रस्त हैं या जो उच्च आय वाले परिवारों से संबंधित हैं। यह आनुवांशिकी को नहीं दर्शाता लेकिन कुछ ऐसी गतिविधियों को इंगित करता है जो नेत्र संबंधी समस्या से जुड़ी हैं जैसे टीवी या स्क्रीन गैजेट्स आदि का प्रयोग। शोधकर्ताओं ने पाया कि उन बच्चों में मायोपिया सबसे ज़्यादा पाया गया जो दिन में पांच घंटे से ज़्यादा पढ़ते हैं या टीवी, कंप्यूटर, वीडियो व मोबाइल गेम्स आदि पर रोज़ दो घंटे से ज़्यादा समय बिताते हैं।

# स्त्रियों में कुपोषण की समस्या



कुपोषण का अर्थ है पोषण की कमी। पोषण मिलता है उचित आहार-विहार द्वारा। जब अनुचित या मिथ्या आहार-विहार किया जाता है तो प्राय: शरीर में किसी न किसी पदार्थ की कमी होना स्वाभाविक है एवं उस पदार्थ की कमी विभिन्न लक्षणों के रूप में व्यक्त हो कर शरीर को रोगी बना देती है। कुपोषण स्त्री, पुरूष व बच्चे किसी में भी पाया जा सकता है। यहां हम चर्चा करेंगे स्त्रियों में कुपोषण की समस्या पर। आज यह एक ज्वलंत समस्या बन कर खड़ी है। बढ़ती महंगाई व बढ़ती जनसंख्या एवं घटते संसाधनों के कारण यह समस्या निरंतर दुखदायी बनती जा रही है। स्त्री चूंकि परिवार व समाज का महत्वपूर्ण स्तंभ है- अत: उसका स्वस्थ रहना अति आवश्यक है। रोगिणी या कमजोर स्त्री का परिवार कभी सुखी नहीं हो सकता। अत: यह समस्या केवल शारीरिक ही नहीं अपितु सामाजिक समस्या भी है। लक्षण : कुपोषण होने पर प्राय: शारीरिक कमजोरी, मानसिक अवसाद, खून की कमी, शरीर का पीला या सफेद पड़ना, आंखों के चारों ओर कालिमा होना, आंखें गड्ढे में धंसी दिखाई पड़ना, भूख की कमी, थोड़े प्रयास से भी श्वास चढ़ना, चक्कर आना, इसके अलावा किसी विशेष विटामिन या आयरन, प्रोटीन व मिनरल की कमी से होने वाले विशेष लक्षण दिखलाई पड़ते हैं। प्रोटीन की कमी के कारण मांसपेशियों का कमजोर होना और यकृत का ठीक से कार्य न करना, विटामिन ए की कमी से आंखों का कमजोर व बीमार होना पाया जाता है।

**विटामिन बी:**की कमी से विकार व नाड़ी विकार होते हैं।

**विटामिन सी:** की कमी होने पर विभिन्न अस्थि रोग होते हैं। इसी प्रकार अन्य अनेक रोगों से शरीर ग्रस्त हो जाता है।

**कारण:** कुपोषण के अनेक कारण हैं, इनमें से कुछ निम्न प्रकार से हैं। गरीबी, भुखमरी, अपर्याप्त भोजन लेना। गलत भोजन का चयन अर्थात् ऐसा भोजन जिसमें विटामिन-मिनरल या अन्य पोषक पदार्थों का अभाव हो अर्थात् असंतुलित भोजन। आवश्यकता से अधिक भोजन लेना अपच पैदा कर कुपोषण का कारण बनता है।

एक ही प्रकार के विटामिन की अधिकता युक्त भोजन लेना। प्राकृतिक विषमताजन्य पदार्थ जैसे वनस्पतियों के बीज, पीतल, अल्यूमीनियम के बर्तनों में पका खाना। कुसमय भोजन करना, भोजन के प्रति लापरवाही बरतना। सस्ते के चक्कर में नीम-हकीमों की सलाह लेना। गरीबी, ईष्या, घर की सफाई पर ध्यान देना। किसी दिमागी या शारीरिक रोग की वजह से भूख न लगना। कट्टर शाकाहारी होना।

नशेड़ी होना। गर्भावस्था के दौरान, स्तनपान के दौरान। कड़ा परिश्रम करने वालों में खासकर ठंडे प्रदेश में सामान्य खुराक पर्याप्त नहीं होती। कभी-कभी किन्हीं रोगों के कारण भी कुपोषण की समस्या उत्पन्न होती है। लंबी अवधि तक किसी शल्य कर्म के कारण ग्लूकोस का चढ़ना। लंबी अवधि तक एंटीबायोटिक लेने से आंतों के बैक्टीरिया की क्रियाशीलता का कम होना। नेफ्रोटिक सिंड्रोम में प्रोटीन का मूत्र द्वारा बाहर निकल जाना प्रोटीन की कमी का कारण बनता है। डायबिटीज में ग्लूकोज का अधिक मात्रा में मूत्र में आना।

अधिक माहवारी होना लौह तत्व की कमी का कारण बनता है। अतिसार या दस्त आना पोटेशियम की कमी करता है। इस प्रकार उपरोक्त कारणों में से कोई एक कारण भी कुपोषण पैदा कर सकता है। उपरोक्त लक्षणों की जानकारी हासिल कर लेने के पश्चात आप स्वयं भी इसका निर्णय कर सकते हैं कि कहीं आप कुपोषण से ग्रस्त तो नहीं हैं? घर की व घर के अन्य सदस्यों की देखभाल करने में स्त्रियां प्राय: अपनी स्वयं की ओर ध्यान नहीं दे पाती। काम निपटाकर हीं भोजन करने की प्रवृत्ति उन्हें रोगी बना सकती है परन्तु उन्हें अपनी इस आदत को त्यागकर अपना ध्यान अवश्य रखना चाहिए। ऐसा न हो कि कुपोषण का छोटा स्वरूप भी कहीं किसी गंभीर रोग में तब्दील हो जाए। यदि उपरोक्त एक भी लक्षण आपको स्वयं में दिखाई दे तो समय नष्ट किए बिना चिकित्सक से परामर्श लें व उचित उपचार में लापरवाही न बरतें।

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 4 | 4 | 0 | 8 |
| कोलकाता | 4 | 3 | 1 | 6 |
| लखनऊ | 4 | 3 | 1 | 6 |
| चेन्नई | 5 | 3 | 2 | 6 |
| हैदराबाद | 5 | 3 | 2 | 6 |
| पंजाब | 5 | 2 | 3 | 4 |
| गुजरात | 5 | 2 | 3 | 4 |
| मुंबई | 4 | 1 | 3 | 2 |
| बेंगलोर | 5 | 1 | 4 | 2 |
| दिल्ली | 5 | 1 | 4 | 2 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
316 रन
बेंगलोर

पर्पल कैप



मुस्तफिजुर रहमान
09 विकेट
चेन्नई

### बाउंड्री मीटर

658 चौके

398 छक्के

## खबर संक्षेप



### विराट कोहली ने की पूरे पारिस्थितिकी तंत्र में प्रगति

**मुंबई।** चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर ने कहा कि विराट कोहली द्वारा डिजाइन किए गए 'फिटनेस ब्लूप्रिंट' का पूरे भारतीय क्रिकेट पारिस्थितिकी तंत्र पर प्रभाव पड़ा है। अगरकर ने महेंद्र सिंह धोनी को विशुद्ध रूप से मन की सुनने वाला व्यक्ति करार दिया जिसने बहुत पहले ही डाटा और अंतर्दृष्टि को अपनाया। कोहली भले ही 35 साल के हों लेकिन सबसे कठिन फिटनेस ड्रिल करने के मामले में वह किसी से पीछे नहीं हैं। अगरकर ने कहा, 'आप विराट जैसे लोगों को देखें, वह उन लोगों में से एक हैं जो मानक स्थापित करते हैं। अपने करियर में 10-15 वर्षों में वह और भी फिट हो गए हैं और आप परिणाम देख सकते हैं।

### फार्मूला ई को भारत के लिए मिला नया साझेदार



**लंदन।** फार्मूला ई ने बुधवार को भारतीय उपमहाद्वीप में इलेक्ट्रिक रेसिंग श्रृंखला के सभी दौर प्रसारित करने के लिए सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया (एसपीएनआई) के साथ तीन साल की मीडिया साझेदारी की घोषणा की। एसपीएनआई चैंपियनशिप के 10वें सत्र की सभी रेस को अपने टेलीविजन चैनलों के नेटवर्क पर प्रसारित करेगा और प्रशंसक स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म 'सोनी लिव' पर भी इसे देख सकेंगे। फार्मूला ई ने एक बयान में कहा, 'फार्मूला ई के 10वें रेसिंग सत्र का सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क पर पूरे भारत में सीधा प्रसारण किया जाएगा जिसकी कवरेज अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, मालदीव, नेपाल, पाकिस्तान और श्रीलंका तक होगी।'

### राष्ट्रीय टेटे चैंपियनशिप में महाराष्ट्र का दबदबा



**हैदराबाद।** महाराष्ट्र ने राष्ट्रीय टेबल टेनिस चैम्पियनशिप में दबदबा बनाते हुए 11 स्वर्ण समेत 46 पदक जीते हैं और पुरुषों के 50 प्लस वर्ग में 'क्लीन स्वीप' किया है। मनीष रावत को पुरुषों के 50 प्लस वर्ग में स्वर्ण पदक मिला है जबकि मलयकुमार ठक्का और प्रसाद नाईक को क्रमशः रजत और कांस्य पदक मिले। महाराष्ट्र के सुनील बबरास ने पुरुषों के 60 प्लस वर्ग में स्वर्ण पदक बरकरार रखा जबकि प्रकाश केलकर को पुरुषों के 65 प्लस वर्ग में रजत पदक मिला। पुरुषों के एकल 70 प्लस वर्ग में उल्हास शिर्के को स्वर्ण पदक मिला। महिला वर्ग में 50 प्लस श्रेणी में मुनमुन मुखर्जी ने स्वर्ण और सुषमा मोगारे ने कांस्य पदक जीता।

# विश्व एथलेटिक्स का बड़ा ऐलान, ट्रैक एवं फील्ड ओलंपिक चैंपियन को देगा 42 लाख



एजेंसी ▶▶ मोनाको

पेरिस ओलंपिक में ट्रैक एवं फील्ड की 48 स्पर्धाओं के स्वर्ण पदक विजेताओं को विश्व एथलेटिक्स ने पहली बार 50,000 डॉलर (41.60 लाख रुपए) की पुरस्कार राशि देने की बुधवार को घोषणा की। विश्व एथलेटिक्स के इस कदम से 2028 में लॉस एंजिलिस में होने वाले खेलों में तीनों पदक विजेताओं को पुरस्कार देने का मार्ग प्रशस्त होगा।

भारत को पेरिस ओलंपिक में भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा से स्वर्ण पदक की उम्मीद है। इस ऐतिहासिक निर्णय के साथ डब्लूए ओलंपिक खेलों में पुरस्कार राशि देने वाला पहला अंतरराष्ट्रीय महासंघ बन जाएगा। इस कदम से डब्लूए और अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के बीच मतभेद भी पैदा हो सकता है क्योंकि इसे मूल निकाय से औपचारिक मंजूरी नहीं मिली है।



### रजत और कांस्य जीतने पर भी मिलेगी राशि

*48 एथलेटिक्स खेलों में से प्रत्येक में स्वर्ण पदक जीतने वाले एथलीटों को 50,000 डॉलर की राशि से पुरस्कृत करने के लिए किया जाएगा। विश्व एथलेटिक्स की इस पहल में 'एलए 2028 ओलंपिक' खेलों में रजत और कांस्य पदक विजेताओं तक विस्तार किए जाने की प्रतिबद्धता शामिल है।'रिले टीमों को भी इसी राशि से सम्मानित किया जाएगा, जिसे टीम के सभी खिलाड़ी आपस में साझा करेंगे।*

### बाद में होगी 2028 के राशि की घोषणा

2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक से जुड़ी पुरस्कार राशि के प्रारूप और संरचना की घोषणा खेलों के समय के करीब की जाएगी। इस पुरस्कार राशि का भुगतान हालांकि विश्व एथलेटिक्स की संपुष्टि प्रक्रिया पर निर्भर करेगा, जिसमें सामान्य डोपिंग रोधी प्रक्रियाओं से गुजरने और अन्य जरूरी प्रक्रिया का पालन करने वाले एथलीट शामिल होंगे।

### एथलीट बनेंगे सशक्त

को ने कहा कि यह कदम एथलीटों को सशक्त बनाने और किसी भी ओलंपिक खेलों की सफलता में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानने के लिए डब्लूए की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि यह महत्वपूर्ण है कि हम कहीं से शुरुआत करें और सुनिश्चित करें कि ओलंपिक खेलों में हमारे एथलीटों द्वारा उत्पन्न राजस्व का कुछ हिस्सा सीधे उन लोगों को लौटाया जाए जो खेलों को वैश्विक स्तर का बनाते हैं।'

### डब्लूए देगा पुरस्कार राशि

डब्लूए ने एक बयान में कहा, 'विश्व एथलेटिक्स...ओलंपिक खेलों में पुरस्कार राशि देने वाला पहला अंतरराष्ट्रीय महासंघ बन जाएगा। डब्लूए पेरिस में इस ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों में सफलता के शिखर को प्राप्त वाले एथलीटों को आर्थिक रूप से पुरस्कृत करेगा।'

### 18.63 अरब रुपए आंवटित

विश्व एथलेटिक्स के अध्यक्ष सेबेस्टियन को ने कहा कि ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेताओं के लिए पुरस्कार राशि की शुरुआत अंतरराष्ट्रीय निकाय और समग्र रूप से एथलेटिक्स के खेल के लिए एक 'महत्वपूर्ण क्षण' है। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के राजस्व आवंटन से कुल 2.4 मिलियन डॉलर (लगभग 18.63 अरब रुपए) को पुरस्कार के लिए दिया गया है, जो हर चार साल में विश्व एथलेटिक्स को मिलता है।

# रोमांचक मुकाबले में जीता गुजरात, राजस्थान रॉयल्स को 3 विकेट से हराया; राशिद-तेवतिया ने दिलाई जीत

एजेंसी ▶▶ जयपुर



आईपीएल में 24वां मुकाबला राजस्थान रॉयल्स राजस्थान और गुजरात टाइटंस गुजरात के बीज जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में खेला गया। रोमांचक मुकाबले में गुजरात टाइटंस ने राजस्थान रॉयल्स को 3 विकेट से हरा दिया। मैच के आखिरी पलों में राहुल तेवतिया और राशिद खान ने टीम को जीत दिलाई।

इससे पहले गुजरात ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। 20 ओवर में रॉयल्स ने 196 रन बनाए। सबसे ज्यादा 76 रन रियाग पराग ने बनाए। कप्तान संजु सैमसन ने 68 रन बनाए। इसके पहले ओपनर जोश बटलर (8) और यशस्वी जायसवाल (24) रन बनाकर आउट हुए।

लीग में अब तक राजस्थान रॉयल्स अवीजित है। उसे कोई टीम हरा नहीं पाई है। टीम की 4 मैच में 4 जीत है। राजस्थान रॉयल्स टेबल टॉपर है। उसके 4 जीत के साथ 8 पॉइंट्स है। वहीं, गुजरात टाइटंस टेबल में 7वें पायदान पर है। उसे 5 मैचों में से 2 में ही जीत नसीब हुई है। 3 मैचों में हार का सामना करना पड़ा। उसके पास 4 अंक है। इस मैच में राजस्थान रॉयल्स का पलड़ा ही भारी दिख रहा है। राजस्थान के रॉयल्स के पास फॉर्म और लगातार मिल रही जीत का उत्साह है। उसकी बैटिंग और बॉलर्स दोनों अच्छा परफॉर्म कर रहे हैं। इधर, गुजरात को पिछले 2 मुकाबलों में हार मिली है। वह हार की हैट्रिक को रोकना चाहेगी। जबकि जीत के रथ पर सवार राजस्थान एक फिर से अपने घर में गुजरात के शेरों का धूल चटाने की कोशिश करेगी।

दोनों टीमों के बीच आईपीएल में अब तक 5 बार भिड़ंत हो चुकी है, जिसमें 4 बार गुजरात ने बाजी मारी है जबकि एक मैच में राजस्थान रॉयल्स को जीत मिली। इस लिहाज से गुजरात आगे है लेकिन वर्तमान फॉर्म तो रॉयल्स के साथ है।

खास खबर

### कैंडिडेट्स शतरंज : गुकेश की नेपोम्नियाशिच के साथ बढ़त



**टोरंटो।** ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने अजरबैजान के निजात अबासोव को एक कड़े मुकाबले में हराकर रूस के इयान नेपोम्नियाश्चि के साथ संयुक्त बढ़त हासिल कर ली है और फिडे शतरंज टूर्नामेंट के पांचवें दौर में जीत दर्ज करने वाले वह इकलौते भारतीय बने। डबल राउंड रॉबिन टूर्नामेंट के नौ दौर अभी बाकी है। सत्रह वर्ष के गुकेश और नेपोम्नियाश्चि 3.5 अंक लेकर शीर्ष पर हैं जबकि अमेरिका के शीर्ष वरीयता प्राप्त फेबियानो कारुआना उनसे आधा अंक पीछे हैं। अमेरिका के हिकारू नकामूरा ने फ्रांस के फिरोजा अलीरजा को हराया जबकि भारत के आर प्रज्ञानानंदा ने नेपोम्नियाश्चि के साथ ड्रॉ खेला। विदित गुजराती ने कारुआना के साथ ड्रॉ खेला। प्रज्ञानानंदा और नकामूरा 2.5 अंक लेकर चौथे स्थान पर हैं जबकि गुजराती के दो अंक हैं। अलीरजा और अबासोव 1.5 अंक लेकर आखिरी स्थान पर हैं। महिला वर्ग में चारों मुकाबले ड्रॉ पर छूटे। प्रज्ञानानंदा की बहन आर वैशाली ने अन्ना मुजिचुक से और कोनेरू हम्पी ने रूस की अलेक्जेंद्रा गोरियाश्किना से ड्रॉ खेला।

### फिनलैंड में पावो नूरमी खेलों में भाग लेंगे नीरज



**नई दिल्ली।** सुपरस्टार भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा 18 जून को फिनलैंड के तुर्कू में प्रतिष्ठित पावो नूरमी खेलों में प्रतिस्पर्धा करेंगे, जहां उन्हें जर्मनी के 19 वर्षीय मैक्स डेह्निंग से कड़ी चुनौती मिल सकती है। यह जानकारी पावो नूरमी खेलों के आयोजकों ने दी। डेह्निंग हाल ही में 90 मीटर की बाधा पार करने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने हैं। छब्बीस साल के चोपड़ा 10 मई को दोहा डायमंड लीग मीट से अपने सत्र की शुरुआत करेंगे। उन्होंने पावो नूरमी खेलों के 2022 सत्र में 89.30 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक जीता था।

### आत्मविश्वास, घरेलू स्तर पर कड़ी मेहनत से मिली सफलता

**मुल्लांपुर।** पंजाब किंग्स की नई खोज शशांक सिंह ने कहा कि इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सत्र में नए खिलाड़ियों को मिल रही सफलता के पीछे उनका आत्मविश्वास और घरेलू क्रिकेट में की गई अपार मेहनत है। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ जीत के लिए 183 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए शशांक ने 25 गेंद में 46 रन बनाए और आशुतोष शर्मा ने 15 गेंद में 33 रन की पारी खेली लेकिन उनकी टीम दो रन से चूक गई। शशांक ने इससे पहले गुजरात टाइटंस के खिलाफ नाबाद 61 रन बनाकर टीम को जीत दिलाई थी। हार के बावजूद प्रशंसा के पात्र बने शशांक ने कहा, 'आत्मविश्वास सबसे जरूरी है। जिस तरह से हम घरेलू क्रिकेट खेलते हैं। सनराइजर्स के नीतिश रेड्डी को देखिए जो घरेलू क्रिकेट में हर प्रारूप में रन बनाता और विकेट लेता है।'रेड्डी ने सनराइजर्स के लिए 37 गेंद में 64 रन बनाए। केकेआर के अंगकृष रघुवंशी भी अच्छी पारियां खेलने में कामयाब रहे हैं। शशांक ने कहा, 'हम जिस तरह से घरेलू क्रिकेट खेलते हैं। नीतिश, अंगकृष और आशुतोष ने मुश्ताक अली, विजय हजारे और रणजी ट्रॉफी में रन बनाए हैं। आप इन खिलाड़ियों को गुमनाम कह सकते हैं लेकिन घरेलू सर्किट में ये जाने माने नाम हैं। इन्होंने घरेलू क्रिकेट में अच्छा खेला है और आईपीएल में उनका प्रदर्शन उसका ईनाम है। इस स्तर पर क्रिकेट आत्मविश्वास का ही खेल है।'



पंजाब किंग्स की नई खोज छत्तीसगढ़ के शशांक सिंह का खुलासा

## आनंदी ने यूरोचैलेंज सेलिंग स्पर्धा में जीता कांस्य पदक

एजेंसी ▶▶ मुंबई



भारत की 15 वर्षीय आनंदी नंदन चंदावरकर ने इटली में आयोजित ओपन स्किफ यूरोचैलेंज सेलिंग (नौकायन) प्रतियोगिता मिश्रित वर्ग में कांस्य पदक जीतने के साथ लड़कियों की अंडर-17 वर्ग की स्पर्धा में शीर्ष स्थान हासिल किया।

इस प्रतियोगिता में अंडर-15 और अंडर-17 आयु वर्ग में 130 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। इस प्रतियोगिता का आयोजन पांच से सात अप्रैल तक सिरकोलो वेला अरको के गार्डा ट्रेनटिनो में हुआ था। इसमें 10 देशों से लगभग 200 नौकायन खिलाड़ियों ने भाग लिया। आनंदी ने यहां जारी मीडिया विज्ञप्ति में कहा, 'यह जीत इस खेल में मेरी कड़ी मेहनत को दर्शाती है। यह खेल के प्रति मेरी उत्साह को दिखाता है।'

## श्रीजेश के शानदार खेल के बावजूद ऑस्ट्रेलिया से 2-1 से हारा भारत

एजेंसी ▶▶ पर्थ



अनुभवी गोलकीपर पीआर श्रीजेश के शानदार खेल के बावजूद भारत बुधवार को यहां तीसरे पुरुष हॉकी टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक गोल की बढ़त गंवाकर 1-2 से हार गया। इस जीत के साथ ही ऑस्ट्रेलिया को पांच मैचों की श्रृंखला में 3-0 की अजेय बढ़त मिल गई।

पहले दो टेस्ट में 1-5 और 2-4 से हारने वाली भारतीय टीम की रक्षापंक्ति और अग्रिम पंक्ति ने बेहतर प्रदर्शन किया। यह भारतीय रक्षापंक्ति के विरुद्ध लगातार आक्रमण करने वाले ऑस्ट्रेलिया की अग्रिम पंक्ति के बीच पारंपरिक मुकाबले की तरह था जिसमें आखिरकार भारतीय रक्षापंक्ति हार गई। जुगराज सिंह ने मैच के 41वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर भारत को बढ़त दिलाई लेकिन जेरेमी हेवर्ड (44वें और 49वें) ने दो गोल करके मेहमान टीम की उम्मीदों पर पानी फेर दिया और ऑस्ट्रेलिया को लगातार तीसरी जीत दिला दी। श्रृंखला का चौथा टेस्ट शुक्रवार को खेला जाएगा।

## कि से हारे लक्ष्य सेन पहले दौर से बाहर



**निंगबो।** भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप के पुरुष एकल पहले दौर में शीर्ष वरीयता प्राप्त चीन के शि यू कि से हारकर बाहर हो गए। विश्व चैंपियनशिप कांस्य पदक विजेता सेन को 53 मिनट तक चले मुकाबले में 19-21, 15-21 से पराजय झेलनी पड़ी। भारत के प्रियांशु राजावत भी पहले दौर में हार गए। उन्हें आठवीं वरीयता प्राप्त मलेशिया के ली जि जिया ने 21-9, 21-13 से हराया। महिला युगल में रूतुपर्णा और श्वेतपर्णा पांडा भी चीन की सातवीं वरीयता प्राप्त झांग शू शियान और झेंग यू डब्लू से 8-21, 12-21 से हार गई।

साक्षी का खुलासा, बच्चे के साथ खेलने कूदने के लिए नहीं रहता समय

## धोनी को साक्षी ने दिया था टेस्ट से रिटायरमेंट का सुझाव

एजेंसी ▶▶ चेन्नई



आईपीएल 2024 में 42 साल के महेंद्र सिंह धोनी का बल्ला जमकर बोल रहा है। उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच में 16 गेंद में चार चौके और तीन छक्के की मदद से 37 रन की तूफानी पारी खेली थी। इस उम्र में भी धोनी की तरफ से गजब की फिटनेस देखने को मिल रही है। उन्होंने सीजन शुरू होने से पहले चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की कप्तानी ऋतुराज गायकवाड़ को सौंपकर सभी को चौंका दिया था। यह पहली बार नहीं है जब धोनी ने इस तरह का कोई फैसला लिया हो।

इससे पहले भी कई मौकों पर उन्होंने बड़े फैसले अचानक से किए, जब किसी को इसकी उम्मीद नहीं थी। चाहे वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास हो या वनडे-टी20 की कप्तानी छोड़ना या फिर टेस्ट क्रिकेट से संन्यास। धोनी ने अचानक फैसला लेकर कई बार चौंकाया है। 2014 में धोनी ने टेस्ट क्रिकेट से अचानक संन्यास लिया था। तब टीम ऑस्ट्रेलियाई दौरे पर थी और माही के इस फैसले से फैंस हैरान रह गए थे। हालांकि, टेस्ट से उनके संन्यास लेने की असली वजह तब किसी को नहीं पता चल पाया था। अब इसकी वजह का खुलासा हुआ है।

### वीडियो में क्लिप में हुआ खुलासा

धोनी की पत्नी साक्षी ने खुलासा किया है कि विश्व कप विजेता कप्तान ने टेस्ट क्रिकेट से इतनी जल्दी संन्यास क्यों ले लिया था। एक फैन ने हाल ही में चेपॉक में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ चेन्नई सुपर किंग्स के आईपीएल मैच के दौरान, एक पुरानी क्लिप साझा की, जिसमें वह 2014 में टेस्ट क्रिकेट से धोनी की अप्रत्याशित संन्यास के बारे में बात करती दिखीं। साक्षी इस वीडियो में क्लिप में कहती हैं, 'जब वह टेस्ट क्रिकेट छोड़ रहे थे तो हमें इस बात का संकेत था कि वह पद छोड़ने वाले हैं। मुझे यह भी याद है कि मैंने उनसे कहा था, 'अगर आप बच्चा चाहते हैं तो आपको कम से कम एक फॉर्मेट से हट जाना चाहिए क्योंकि आपके पास अपने बच्चे के साथ खेलने कूदने या मौज मस्ती करने का वक्त नहीं होगा।

### एक दूसरे का करते हैं सम्मान

*वीडियो में साक्षी घर के अंदर का माहौल भी दिखाती और बताती हैं। साक्षी ने विश्व कप विजेता कप्तान से शादी करने के त्याग और खुशियों पर भी बातचीत की। उन्होंने कहा, 'लोग मुझसे कहते हैं कि मुझे उनकी पत्नी होने के नाते बहुत त्याग करना पड़ा। मैं कहती हूं, 'ऐसा कुछ नहीं है, यह सब प्यार है'। जब आप प्यार में होते हैं, तो आप इसे त्याग नहीं कह सकते।' साक्षी की प्रतिक्रिया से यह बात साफ है कि वह और धोनी एक दूसरे का काफी सम्मान करते हैं। इसका जिक्र तो धोनी खुद कई बार कर चुके या दर्शा चुके हैं।*

# परिवारवादी कांग्रेस-डीएमके तमिलनाडु का कल्याण नहीं, केवल लूट करेंगी

**राज्य में आज लूट का खुला खेल चल रहा**

पीएम मोदी ने तमिलनाडु की सरकार पर जमकर निशाना साधा। साथ ही कांग्रेस पर भी बड़ा हमला किया। इन पर देश को गुमराह करने के साथी राष्ट्रनीति पर नहीं चलने पर भी खरी-कोटी सुनाई।डीएमके की नीति 'फूट डालो और राज करो' की है। ये दल भाषा क्षेत्र जाति और धर्म के नाम पर फूट डालकर राज करने का काम कर रही है। इंडि गठबंधन के लोग केवल माल करना चाहते हैं, देश सेवा और लोक सेवा नहीं करना चाहते।

## दक्षिणी राज्य तमिलनाडु के वेल्लोर और कोयंबटूर में गरजे पीएम मोदी, पुणे में भी किया विपक्षी गठबंधन पर तीखा प्रहार

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव के प्रचार के लिए पीएम नरेंद्र मोदी आज दक्षिणी राज्य तमिलनाडु पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि वेल्लोर में ब्रिटिश शासन के दौरान हुई क्रांति जैसी एक और क्रांति देखने को मिलेगी। एनडीए ने 10 सालों में अच्छा काम किया हैऔर विकसित भारत की नींव रखी। पीएम मोदी ने कहा कि 2014 से पहले भारत की अर्थव्यवस्था कमजोर थी।उस दौरान भारत को घोटालों के देश के रूप में देखा जाता था। उन्होंने कहा कि परिवारवाद वाली पार्टी कांग्रेस और डीएमके कभी भी तमिलनाडु की आकांक्षाओं को पूरा नहीं कर सकती। पीएम मोदी ने कहा कि सेंगोल को जब देश की संसद में स्थापित किया गया था तो डीएमके ने इसका विरोध किया था।राज्य में आज लूट का खुला खेल चल रहा है। डीएमके की नीति 'फूट डालो और राज करो' की है। ये दल भाषा क्षेत्र जाति और धर्म के नाम पर फूट डालकर राज करने का काम कर रही है।

■ सेंगोल का भी डीएमके ने विरोध किया था

### तमिलनाडु को भारत को अंतरिक्ष ले जाने का दिया श्रेय

*पीएमने कहा तमिलनाडु ने भारत को अंतरिक्ष के क्षेत्र में आगे ले जाने में महान योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु के कठिन परिश्रम ने विनिर्माण के क्षेत्र में भारत को अग्रणी बनाने में अहम भूमिका निभाई।*



### दोनों ने सीडिंग में अपनी भूमिका छिपाई

पीएम ने कहा कि डीएमके की राजनीति बहुत ही खतरनाक है, मैं इसका पर्दाफाश करता रहूंगा। मोदी ने कहा कि सरकार ने कश्मीर और सौराष्ट्र तमिल संगम का आयोजन किया था। कांग्रेस पर हमलावर पीएम ने कहा कि कांग्रेस शासन के दौरान कच्चातिवू को श्रीलंका को सौंप दिया गया था। श्री लंकाई नौसेना ने कच्चातिवू के पास से हजारों तमिलनाडु के मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया था।डीएमके और कांग्रेस ने सीडिंग में अपनी भूमिका छिपाई। गठबंधन मिलकर महिलाओं का अपमान करते हैं। उन्होंने कहा कि जयललिता के साथ कैसा व्यवहार किया?

**कोयंबटूर में इंडि गठबंधन पर बोला हमला**

### यूपीए शासन के घोटालों को गिनाया

पीएम मोदी भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाते हुए राज्य की डीएमके शासित सरकार को आड़े हाथों लिया और कहा कि तमिलनाडु में आज लूट का खुला खेल चल रहा है। डीएमके की नीति 'फूट डालो और राज करो' की है। ये दल, भाषा, क्षेत्र, जाति और धर्म के नाम पर फूट डालकर राज करने का काम कर रही है। वहीं कोयंबटूर में रैली के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि जब देश में केंद्र की सरकार थी, तब राज्यों के साथ भेदभाव होता था। हम कहते हैं कि विकसित भारत के लिए तमिलनाडु जरूरी है लेकिन डीएमके देश को बांटने की नीति पर चलती है।

**शाह ने सीएम ममता पर साधा निशाना**

### वे सीएए पर लोगों को कर रहीं गुमराह, घुसपैठ करा रहीं



बालुरघाट। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सीएए को लेकर पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी पर जमकर निशाना साधा। शाह ने ममता पर लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाया। शाह ने पश्चिम बंगाल के बालुरघाट में एक रैली में कहा कि हमने सीएए कानून पारित किया है। ममता दीदी बंगाल की जनता को गुमराह कर रही हैं। वह कह रही हैं कि अगर सीएए के लिए आवेदन करोगे तो नागरिकता चली जाएगी। मैं शरणार्थियों से सीएए के तहत नागरिकता के लिए आवेदन करने का अनुरोध करता हूं, मैं आश्वासन देता हूं कि कोई समस्या नहीं होगी।

**भ्रष्टाचारी को जेल जाना होगा**

शाह ने कहा कि भ्रष्टाचारियों को हर हाल में जेल जाना होगा। इन लोगों ने देश का पैसा लूटा है। गरीबों को लूटा है। इसलिए इन्हें जनता माफ नहीं करेगी। पाई-पाई रुपये चुकाने होंगे। किसी भी हाल में मोदी सरकार नहीं छोड़ेगी।

**राजद और कांग्रेस पर साधा निशाना**

शाह ने मोदी सरकार के विकास योजनाओं को गिनाया। साथ ही कहा कि औरंगाबाद और गया से मोदी सरकार नक्सल के खिलाफ अभियान दिलाया। रफीगंज, नबीनगर और अनुग्रह नारायण रेलवे स्टेशन बन रहे हैं, यह भी भाजपा की सरकार ने किया। कांग्रेस तुष्टिकरण करने वाली पार्टी है।

**सपा का घोषणा पत्र**

### मनरेगा मजदूरी बढ़ाकर 450 रु. करने का वादा



समाजवादी पार्टी ने घोषणा पत्र जारी कर दिया है। अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जनता का मांगपत्र हमारा अधिकार है। मुखिया अखिलेश यादव ने कहा कि हमने अपने विजन डॉक्यूमेंट को 'जनता का मांग पत्र - हमारा अधिकार' नाम दिया है। इसमें संविधान की रक्षा का अधिकार, रक्षा का अधिकार लोकतंत्र, मीडिया की स्वतंत्रता का अधिकार आदि हैं।

### भोजपुरी स्टार पवन काराकाट से निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे



भोजपुरी एक्टर पवन सिंह ने लोकसभा चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। सोशल मीडिया मंच एक्स पर भोजपुरी एक्टर ने खुद इसकी जानकारी दी है। सिंह ने एक्स पर पोस्ट शेयर कर लिखा है कि माता गुरुतरा भूमेरू अर्थात माता इस भूमि से कहीं अधिक भारी होती हैं और मैंने अपनी मां से वादा किया था कि मैं इस बार चुनाव लड़ूंगा ।

**संभल में बोले गृहमंत्री राजनाथ**

## जल्द ही पीओके के लोग भी कहेंगे हमें भी कश्मीर का हिस्सा बना दो



संभल। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने चंदौसी के देवरखेड़ा स्थित आशीष गार्डन में चुनावी जनसभा में कहा कि आज देश सुरक्षित हाथों में है। आप निश्चिंत रहिए देश की सीमाएं सुरक्षित हैं। आज भारत, विश्व के सशक्त राष्ट्रों में शुमार है।जम्मू कश्मीर में आर्टिकल 370 को खत्म करने का काम भाजपा ने किया तो आज वहां न अलगाव वाद है न पत्थरबाजी।

**बुलंदशहर में भी दिया संबोधन**

### सपा को बताया समाप्त पार्टी

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भाजपा लोकसभा प्रत्याशी डॉ. भोला सिंह के समर्थन में जनसभा को संबोधित करने के लिए जहांगीराबाद पहुंचे। सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार ने घोषणा पत्र में किए गए सारे वादे पूरे किए हैं। हमारी कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है। 2014 से पूर्व हमारी सरकार बनने से पहले भारत को गरीब देश कहा जाता था, लेकिन हमारी सरकार बनने के बाद हमने 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला। हमारी सरकार बनने के बाद भारत का डंका पूरे विश्व में बोल रहा है। हमने चुटकी बजाकर जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटा दी।

**अरुणाचल में भाजपा का घोषणा-पत्र जारी**

## पहले उग्रवाद था, अब विकास की बहार बढ़ी




ईटानगर। अरुणाचल प्रदेश के लिए भाजपा ने घोषणा-पत्र जारी किया है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि जो क्षेत्र पूरी तरह से उग्रवाद और हत्याओं और बंद संस्कृति के लिए जाना जाता था, वो अब विकास की राह पर चल पड़ा है। मोदी सरकार के पिछले 10 वर्षों के कार्यकाल में किए गए कार्यों से तेजी से प्रगति हुई है। नड्डा ने कहा कि दशकों तक उपेक्षित रहे पूर्वोत्तर में 2014 के बाद से ही बड़ा बदलाव आया। यह क्षेत्र अब प्रगति, विकास और समृद्धि के लिए पहचान बनाने लगा है।

**मोदी सरकार में विकास की रफ्तार**

उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार बिजली, पर्यटन, इंटरनेट, कनेक्टिविटी, कृषि और खेल समेत कई क्षेत्रों में पूर्वोत्तर राज्यों के विकास के लिए काम कर रही है। पूर्वोत्तर राज्यों के भाजपा के घोषणा-पत्र में मजबूत बुनियादी ढांचे, महिला सशक्तिकरण, रोजगार और जवाबदेह शासन के निर्माण का वादा किया गया है।

**विकास के लिए भाजपा प्रतिबद्ध**

नड्डा ने कहा कि भाजपा सरकार रोडवेज, रेलवे और वायुमार्ग क्षेत्रों में परियोजनाओं को लागू करके राज्य में मल्टी मॉडल कनेक्टिविटी और एकीकृत ढांचागत विकास को बढ़ावा देने के लिए अगले पांच वर्षों के लिए 'अरुणाचल प्रदेश गति शक्ति मास्टर प्लान' लॉन्च करेगी। जो वादा नहीं किया था वह भी पूरा किया गया है।

**टिकट न मिलने पर बोले रामदास**


### मैं शिरडी से चुनाव लड़ना चाहता था लेकिन...



नागपुर। केंद्रीय सामाजिक न्याय राज्य मंत्री रामदास अठावले ने कहा कि वे शिरडी लोकसभा सीट से चुनाव लड़ना चाहते थे लेकिन एनडीए गठबंधन की कुछ मजबूरियों के कारण ऐसा नहीं हो सका। नागपुर में एक सम्मेलन में कहा कि उन्हें सत्तारूढ़ एनडीए के साथ रहने और केंद्र में कैबिनेट में जगह देने के लिए कहा है।

**खबर संक्षेप**

### बालिका सशक्तिकरण मिशन की तैयारी



नई दिल्ली। भारत की सबसे बड़ी एकीकृत बिजली कंपनी एनटीपीसी लिमिटेड अपनी प्रमुख कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी पहल, बालिका सशक्तिकरण मिशन (जीईएम) का नया संस्करण लॉन्च करने की तैयारी कर रही है। मिशन कार्यक्रमों के माध्यम से लड़कियों के सशक्तिकरण पर ध्यान केंद्रित करता है और इसका उद्देश्य उनके नेतृत्व गुणों की पहचान करके उनका पोषण करना है।

### बांध में कार गिरने से 4 लोगों की मौत



राजकोट। गुजरात के राजकोट में एक दर्दनाक हादसा हुआ है। यहां एक कार रेलिंग तोड़ते हुए बांध में गिर गई, जिससे 4 लोगों की मौत हो गई। यह हादसा धोराजी के भादर बांध में हुआ है। हादसे की वजह कार के टायर फटने को बताया जा रहा है। मरने वाले सभी मृतक धोराजी के निवासी हैं। दो परिवार सोमयज्ञ से लौट रहे थे, तभी कार का टायर फट गया और कार अनियंत्रित हो गई थी।

### पुलिस वालों को 15 दिन में टैटू हटाने का आदेश




भुवनेश्वर। ओडिशा पुलिस ने अपनी विशेष सुरक्षा बटालियन (एसएसबी) के कर्मियों को अपने शरीर से 15 दिन के भीतर टैटू हटाने के लिए कहा है. निर्देश में कहा गया कि वर्दी पहने व्यक्ति की त्वचा पर बने ये टैटू आसानी से ध्यान खींचते हैं और इन्हें अशोभनीय,अपमानजनक माना जाता है.भुवनेश्वर के पुलिस उपायुक्त (सुरक्षा) ने मंगलवार को इस आशय का आदेश जारी किया।

**हाई कोर्ट के बाद राउज एवेन्यू कोर्ट से भी केजरीवाल को बड़ा झटका**

# कानून सबके लिए समान, हफ्ते में दो बार ही कर पाएंगे वकीलों से 'संपर्क'

### तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री की याचिका खारिज

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को राउज एवेन्यू कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। वह अब हफ्ते में केवल दो बार ही अपने वकीलों से मुलाकात कर पाएंगे। उन्होंने हफ्ते में 5 बार वकीलों से मुलाकात करने की मांग की थी।

केजरीवाल ने अपनी याचिका में मांग की थी कि पीएमएलए मामले में उन्हें हफ्ते में पांच बार वकीलों से मिलने का मौका दिया जाए। हालांकि कोर्ट ने इसे याचिका को खारिज कर दिया। इससे एक दिन पहले ही मंगलवार को दिल्ली हाई कोर्ट से भी केजरीवाल को बड़ा झटका लगा था। केजरीवाल ने अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दी थी, लेकिन कोर्ट ने उनकी याचिका को खारिज कर दिया था। गौर हो कि केजरीवाल को ईडी ने दिल्ली सराब घोटाला में प्रमुक आरोपी बताया है। उनके कई सहयोगी भी इसी जेल में पहले से ही बंद हैं।

कोर्ट में केजरीवाल ने अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दी थी

हाईकोर्ट से पहले भी लग चुका है बड़ा झटका

**कानून की नजर में सभी लोग समान**




केजरीवाल ने दिल्ली हाईकोर्ट में अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दी थी लेकिन उन्हें राहत नहीं मिली थी। दिल्ली हाई कोर्ट की जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा ने 25 मिनट तक अपना फैसला पढ़कर सुनाया और इस दौरान उन्होंने कई बार केजरीवाल को नसीहत भी दी तो कई बार फटकार भी लगाई। जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा ने कहा कि कानून की नजर में अरविंद केजरीवाल केवल एक सामान्य नागरिक हैं। उन्होंने कहा कि यह मामला सिर्फ केजरीवाल की गिरफ्तारी का नहीं है बल्कि यह समझना भी जरूरी है कि गिरफ्तारी और रिमांड में अंतर क्या है? कानून सभी पर समान रूप से लागू होता है।

### विशेष लाभ नहीं दिया जा सकता

जस्टिस ने कहा कि एक आम आदमी को आरोप लगने पर तत्काल गिरफ्तार कर लिया जाता है और उसे पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया जाता है। मुख्यमंत्री होने का लाभ अरविंद केजरीवाल को नहीं दिया जा सकता। इस प्रकार से इस तरह की याचिका अवैध है और सुप्रीम कोर्ट के फैसले का उल्लंघन है।

### गिरफ्तारी को जायज ठहराया

हाई कोर्ट ने कहा कि सीएम केजरीवाल पूरी साजिश में लिप्त थे और उन्होंने घूस भी मांगी थी। ऐसे में उनकी गिरफ्तारी में कानूनी प्रावधानों का उल्लंघन भी नहीं हुआ है और ना ही उनकी गिरफ्तारी किसी तरह से अवैध है।

**सिसोदिया मामले में ईडी की दलील**



### गुण-दोष पर विचार करना होगा

दिल्ली शराब नीति मामले में आरोपी मनीष सिसोदिया की राउज एवेन्यू कोर्ट में दाखिल जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान प्रवर्तन निदेशायल ने अपनी दलीलें कोर्ट के सामने रखी। ईडी के वकील ने कहा कि यह तय करने की जरूरत है कि क्या मुकदमा कछुआ गति से आगे बढ़ रहा है? जांच एजेंसी ने सुप्रीम कोर्ट के फैसलों का हवाला देते हुए कहा कि गुण-दोष पर विचार करना होगा।

**बारूद के ढेर पर बैठा बंगाल : घोष**

## राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ टीएमसी कर रही है 'बड़ा खिलवाड़'



**कोलकाता**। पश्चिम बंगाल में भाजपा के वरिष्ठ नेता दिलीप घोष ने कहा कि बंगाल बारूद के ढेर पर बैठा है और यहां कभी भी हालात बिगड़ सकते हैं। दिलीप घोष ने कहा कि केंद्रीय जांच एजेंसियों को बंगाल में देश विरोधी गतिविधियों को रोकने के लिए सर्जिकल स्ट्राइक करने की जरूरत है। भाजपा नेता ने टीएमसी पर तुष्टिकरण की राजनीति करने और राष्ट्रीय सुरक्षा से खिलवाड़ करने का गंभीर आरोप लगाया।

**चुनाव आयोग ने राज्यों को दिए निर्देश**

## चुनाव-संबंधी सामग्री पर मुद्रक प्रकाशक की स्पष्ट जानकारी हो

**नई दिल्ली**। चुनाव आयोग ने पार्टियों के प्रचार अभियान को अधिक जवाबदेह और पारदर्शी बनाने के लिए सभी राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों को होर्डिंग्स सहित छपवाई गई चुनाव-संबंधी सामग्री पर मुद्रक और प्रकाशक का स्पष्ट नाम व पता दिए जाने को अनिवार्य तौर पर लागू कराने के निर्देश दिए हैं।मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार और चुनाव आयुक्तों ज्ञानेश कुमार और डॉ. सुखबीर सिंह संधू के पूर्ण आयोग ने प्राप्त शिकायतों पर यह निर्णय लिया है।




**हैदराबाद के रेस्टोरेंट पर कार्रवाई**

## फ्री का पानी नहीं देने पर कस्टमर को 5 हजार भरना होगा जुर्माना



एजेंसी ▸▸ हैदराबाद

यहां के एक रेस्टोरेंट को मुफ्त पानी नहीं देने पर कस्टमर को 5000 रुपए का मुआवजा देना होगा। जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ने सर्विस चार्ज वसूलने के लिए रेस्टोरेंट को 500 हजारका मुआवजा देने का आदेश दिया है। कानूनी खर्च कस्टमर को एक हजार रुपए भी देने होंगे। रेस्तरां ने दो व्यंजनों और एक पानी की बोतल के लिए 630 रु. के बिल पर 31.50रु. सेवाशुल्क लिया।

### पानी के साथ सर्विस चार्ज लगाया

कस्टमर ने बताया था कि उसे रेस्तरां में पानी नहीं पूछा गया और मुफ्त में पीने का पानी उपलब्ध न कराकर बोतल वाले पानी के साथ सर्विस चार्ज लगाया गया था।आयोग-3 ने जुबली हिल्स में स्थित रेस्तरां को 45 दिनों के अंदर कस्टमर को मुआवजा देने का निर्देश दिया है।

### आईटीएलयू का मामला

सिकंदराबाद निवासी शिकायतकर्ता ने कुछ समय पहले सीबीआई कॉलोनी में आईटीएलयू रेस्तरां में एक परेशान करने वाले अनुभव के बारे में बताया। जहां'कांप्लिमेंट्री' रेगुलर वॉटर का अनुरोध करने के बावजूद रेस्टोरेंट कर्मचारियों ने इनकार कर दिया।

**राष्ट्रपति ने की विश्व होम्योपैथी दिवस पर वैज्ञानिक सम्मेलन की शुरुआत**

# होम्योपैथिक चिकित्सा पर जुटे 8 देशों के प्रतिनिधि

इसका आयोजन सेंट्रल काउंसिल फॉर रिसर्च इन होम्योपैथी (सीसीआरएच) ने किया है। कई बैज्ञानिक, गणमान्य लोग और नीदरलैंड, स्पेन, कोलंबिया, कनाडा और बांग्लादेश से आठ प्रतिनिधि भी शामिल रहे। इसमें समाधान के कई पहलुओं को शामिल किया गया है।

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने विश्व होम्योपैथी दिवस के अवसर पर बुधवार को दिल्ली के द्वारका स्थित यशोभूमि कन्वेंशनल सेंटर में दो दिवसीय वैज्ञानिक सम्मेलन का उद्घाटन किया। इसका आयोजन सेंट्रल काउंसिल फॉर रिसर्च इन होम्योपैथी (सीसीआरएच) ने किया है। इस अवसर पर कई बैज्ञानिक, गणमान्य लोग और नीदरलैंड, स्पेन, कोलंबिया, कनाडा और बांग्लादेश से आठ प्रतिनिधि भी शामिल रहे।

## दिल्ली के द्वारका स्थित यशोभूमि कन्वेंशनल सेंटर में दो दिवसीय कार्यक्रम

**अनुसंधान को सशक्त बनाना, दक्षता बढ़ाने पर संगोष्ठी**



सम्मेलन का विषय 'अनुसंधान को सशक्त बनाना, दक्षता बढ़ाना: एक होम्योपैथिक संगोष्ठी' है। सम्मेलन का उद्देश्य नैदानिक अभ्यास और स्वास्थ्य कार्यक्रमों में साक्ष्य-आधारित वैज्ञानिक उपचार को बढ़ावा देना, अनुसंधान-आधारित चिकित्सा विज्ञान में होम्योपैथिक समुदाय को सक्षम बनाना, व्यक्तिगत, सुरक्षित और विश्वसनीय स्वास्थ्य देखभाल के लिए लोगों की जरूरतों को पूरा करने वाला स्वास्थ्य देखभाल केंद्र बनना और बेहतर इलाज के लिए गुणवत्तापूर्ण निदान, उपचार विज्ञान और वैज्ञानिक उपकरणों के साथ होम्योपैथिक चिकित्सा को समृद्ध करना है।

### आयुष मंत्रालय के सचिव समेत कई दिग्गज रहे मौजूद

सम्मेलन में आयुष मंत्रालय के सचिव वैद्य राजेश कोटेचा, आयुष मंत्रालय के सीसीआरएच के महानिदेशक डॉ. सुभाष कौशिक, राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग के अध्यक्ष डॉ. अनिल खुराना, होम्योपैथी में पद्म पुरस्कार से अलंकृत पद्मश्री डॉ. वीके गुप्ता, पद्मश्री डॉ. मुकेश बत्रा, पद्मश्री डॉ. कल्याण बनर्जी, पद्मश्री डॉ. अनिल कुमारी मल्होत्रा और पद्मश्री डॉ. आरएस पारीक शामिल होंगे। इनके अलावा नीदरलैंड, स्पेन, कोलंबिया, कनाडा और बांग्लादेश से आठ प्रतिनिधि हिस्सा ले रहे हैं।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक राजेश मीणा द्वारा अम्बर ऑफसेट प्रा. लि., डी एल टॉवर, 3-ए, विद्याआश्रम संस्थानिक क्षेत्र, जेएलएन मार्ग, जयपुर से मुद्रित एवं बी-66, कुसुम विहार, जगतपुरा, मालवीया नगर, जयपुर से प्रकाशित।
सम्पादक-राजेश मीणा, Email : sanjeevnitoday@gmail.com मो: 8094811115, (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)